www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

पत्र नहीं; मित्र

संपर्क : deshbandhusgr@gmail.com

# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–249 । सागर, रविवार, 29 अक्टूबर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए

मानव श्रृंखला बनाकर शत-प्रतिशत मतदान का लिया संकल्प पृष्ठ 3
- जार्ज पंचम की नाक
- तीन युवा कवियों की पदचाप : त्रिपथ पृष्ठ 4
- 2 नाबालिग बालिकाओं से छेड़छाड़ के दोषी को 3 वर्ष का सश्रम कारावास पृष्ठ 6

3 करोड़ 85 लाख की विदेशी शराब जब्त, आबकारी विभाग ने एमपी-यूपी बॉर्डर पर की कार्रवाई पृष्ठ 8

### कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने भाजपा पर निशाना साधा, बोलीं-

# चुनाव के समय धर्म की बात करते हैं नेता, काम की नहीं



**दमोह/भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आरोप लगाया कि भाजपा नेता चुनाव के समय काम की नहीं धर्म और जाति की बात करने लगते हैं। उन्होंने कहा कि 18 साल की मध्य प्रदेश में भाजपा की सरकार के पास क्या अब कोई बहाना बचता है, लेकिन फिर भी आज भाजपा के नेता जनता के बीच में जाकर झूठी घोषणाएं करते हैं। भाजपा नेता समझ चुके हैं कि चुनाव के समय पर खोखली घोषणाएं कर दो, धर्म और जाति की बात कर लो और चुनाव जीतने की जो नैया है वह पार हो जाएगी, इसलिए भाजपा काम करने के लिए तैयार नहीं है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी संविधान बचाने और भ्रष्टाचार मिटाने के मुद्दे की लड़ाई लड़ रही है, लेकिन जब तक जनता स्वयं जागरुक होकर सही दल को वोट नहीं करेगी, तब तक कुछ नहीं होगा। कांग्रेस महासचिव श्रीमती गांधी आज दमोह में चुनावी जनसभा को सम्बोधित कर रही थीं। जनसभा की शुरूआत में उन्होंने वीरांगना रानी दुर्गावती सहित बुंदेलखण्ड के 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में शहीद हुए बलिदानियों को नमन किया।

बुंदेलखंड में बेरोजगारी और पलायन का मुद्दा उन्होंने उठाया। प्रियंका ने कहा कि पलायन तभी होता है जब क्षेत्र में रोजगार की संभावनाएं नहीं होती है और आपने क्या कभी सोचा है कि 45 साल में सबसे ज्यादा बेरोजगारी आज देश और इस प्रदेश में है, मध्यप्रदेश सरकार ने 3 साल में मात्र 21 रोजगार दिए हैं। बहुत से पद खाली हैं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक उपक्रमों से रोजगार मिलते थे, पर मौजूदा केंद्र सरकार ने वो उद्योगपतियों को सौंप दिए, वहीं जीएसटी लगाकर छोटे उद्योगपतियों की कमर तोड़ दी। हिमाचल, छत्तीसगढ़ और राजस्थान की कांग्रेस सरकारों का उदाहरण देते हुए श्रीमती गांधी ने कहा कि कांग्रेस ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

### राहुल को है बुंदेलखण्ड की चिंता : कमलनाथ

पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि केंद्र की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान राहुल गांधी ने बुंदेलखंड पैकेज के तहत 8 हजार करोड़ दिलवाए थे, जो भाजपा सरकार द्वारा भ्रष्टाचार और घोटाले की भेंट चढ़ गया। भाजपा ने पूरे प्रदेश को चौपट कर दिया है। आगामी चुनाव मध्य प्रदेश के भविष्य का चुनाव है। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह पर भी घोषणाओं को लेकर तंज कसा।

### दमोह को छिंदवाड़ा जैसा बना देना : टंडन

जनसभा में विधायक और दमोह विधानसभा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी अजय टंडन ने कहा कि कमलनाथ जी बस एक ही कृपा करना जैसा छिंदवाड़ा बनाया है वैसा ही दमोह भी बना देना। हम जनता से कहना चाहते हैं हम आपके कर्जदार हैं, हमें आपका कर्ज उतारना है। आप हमारे बब्बा और चाचा को सांसद बनाते आए, उन्हें नगर पालिका अध्यक्ष बनाते आए, आप विधायक बनाते आए, आप उन्हें जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बनाते आए। आपने मुझे भी विधायक बनाया है और मैंने जो वादे किए थे उन्हें पूरा करने का प्रयास किया है लेकिन भाजपा सरकार द्वारा दमोह के साथ सौतेला व्यवहार किया जाता था। मैं भाजपा के ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

### केंद्रीय मंत्री शाह ने कमलनाथ के गढ़ में बोला तीखा हमला, कहा-

# कांग्रेस को चला रहे 3 परिवार, प्रदेश का भला नहीं कर सकते



आदिवासियों के विकास और सम्मान के लिए काम कर रही सरकार

**भोपाल, देशबन्धु।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज कांग्रेस पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की कांग्रेस में 3 परिवारों का बोलबाला है। एक गांधी परिवार है, दूसरा कमलनाथ का परिवार है और तीसरा दिग्विजय सिंह का परिवार है। उन्होंने कहा कि इन तीन परिवारों में से आदेश गांधी परिवार देता है, निर्देश कमलनाथ परिवार देता है और जब काम बिगड़ जाता है, तो उसकी जिम्मेदारी दिग्विजय पर डाल दी जाती है। श्री शाह ने कहा कि जिस पार्टी में एकता न हो, वो प्रदेश का भला कैसे कर सकती है? वे आज यहां जिले के जुन्नारदेव में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। सभा को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल ने भी संबोधित किया।

श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने राम मंदिर निर्माण का रास्ता साफ किया, धारा 370 समाप्त की। ट्रिपल तलाक विरोधी कानून बनाया। आतंकियों पर सर्जिकल और एयर स्ट्राइक की। चंद्रमा की सतह पर चंद्रयान की सफल लैंडिंग हुई। देश को नया संसद भवन मिला। महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण वाला प्रावधान हुआ। पीएफआई जैसे दुर्दांत आतंकी संगठन को एक ही रात में प्रतिबंधित करके आतंकवाद की आशंका को ही समाप्त कर दिया। श्री शाह ने कहा कि भाजपा ने बहुत सारे काम किए हैं, लेकिन वो सिर्फ उन्हीं को समझ में आते हैं, जिनकी जड़ें भारत में हैं। जिनकी जड़ें इटली में हों, उन्हें ये काम दिखाई नहीं देंगे।

उन्होंने कहा कि कमलनाथ हमसे पूछते हैं कि आदिवासियों के लिए क्या किया? मैं उन्हें बता देना चाहता हूं कि आजादी के कई साल बाद स्व. अटलजी की सरकार ने जनजातीय मंत्रालय बनाया, जनजाति आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया। मोदी जी ने 23 जनजातियों को सूची में जोड़ा। भाजपा सरकार ने वीरांगना रानी दुर्गावती, टंट्या भील, राजा शंकरशाह, रघुनाथ शाह ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

### कमलनाथ-दिग्विजय ने मिलकर प्रदेश को लूटा

श्री शाह ने कहा कि राजनीति में परिवारवाद को थोपने वाली कांग्रेस पार्टी देश-प्रदेश का भला नहीं कर सकती। 2018 में जातिवादी आंदोलन की परछाई में प्रदेश में कमलनाथ की सरकार बन गई थी। जिसके बाद कमलनाथ और दिग्विजय सिंह ने मिलकर प्रदेश में लूट मचा दी। श्री शाह ने कहा कि 350 करोड़ का मोजर बेयर घोटाला, 24 सौ करोड़ का अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला, 6 हजार करोड़ का इफ्को घोटाला, 25 हजार करोड़ का कर्जमाफी घोटाला और 1178 करोड़ का गेहूं बोनस घोटाला कमलनाथ से ही जुड़े हैं। श्री शाह ने कहा कि वही कमलनाथ अब फिर से मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं।

### इस बार मध्यप्रदेश में 3 दिवालियां मनाना है

केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने कहा कि हम हर बार एक दीवाली मनाते हैं, लेकिन इस बार मध्यप्रदेश में 3 दिवालियां मनाना है। पहली दीवाली तो दीपावली पर ही मनेगी। दूसरी दीपावली तब मनेगी जब आप प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाएंगे। और तीसरी दीवाली 22 जनवरी को मनेगी जब प्रधानमंत्री श्री मोदी के हाथों भव्य राम मंदिर में रामलला की स्थापना होगी।

### गुजरात में दिल दहला देने वाली घटना

# एक ही परिवार के 7 लोगों ने की आत्महत्या

**सूरत, एजेंसी।** सूरत में शनिवार को एक चौंकाने वाली घटना में एक व्यापारी के परिवार के तीन बच्चों सहित सात सदस्यों ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

मौके पर पहुंची पुलिस को घटनास्थल पर एक सुसाइड नोट मिला, जिसमें संकटपूर्ण परिस्थितियों की बात कही गई है। पीड़ितों में परिवार का मुखिया फर्नीचर व्यवसायी मनीष सोलंकी भी शामिल है। उन्हें छत के पंखे से लटका पाया गया। उनके साथ उनकी पत्नी रीता, पिता कनु, मां शोभा और तीन छोटे बच्चों – दिशा, काव्या और कुशल ने भी अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। रिपोर्टों से पता चलता है कि उन्होंने गंभीर आर्थिक तंगी के कारण यह कदम उठाया है, हालांकि सटीक कारण की जांच की जा रही है।

### गंभीर आर्थिक तंगी के कारण उठाया यह कदम

दिल दहला देने वाली घटना के बारे में बताते हुए सूरत में पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) राकेश बारोट ने कहा, एक परिवार के सात सदस्यों ने आत्महत्या कर ली है। उन्होंने एक सुसाइड नोट लिखा है, और हम कारण की पुष्टि कर रहे हैं। आत्महत्या की घटनाओं का पता तब चला जब स्थानीय निवासी आज सुबह मनीष सोलंकी से संपर्क नहीं होने पर चिंतित हो गए। इलाके के निवासियों के अनुसार, सोलंकी ने लगभग 35 बढ़ई और मजदूरों को काम पर रखा था। वह काफी समय से वित्तीय कठिनाइयों का सामना कर रहे थे।

### खड़गे बोले- चुनाव के दौरान पहले कभी छापे नहीं पड़े

# भाजपा को भी एक दिन झेलना पड़ेगा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विपक्षी पार्टियों के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। खड़गे ने कहा, हम 50 सालों से राजनीति में हैं। इससे पहले चुनाव के दौरान ईडी के छापे कभी नहीं पड़े। कांग्रेस के नेताओं को भाजपा डराना-झुकाना चाहती है। हम डरेंगे नहीं, बल्कि मुकाबला करेंगे। भाजपा हमेशा ऐसा करती है। वो जो कर रहे हैं, वह ठीक नहीं है। एक दिन भाजपा उन्हें भी झेलना पड़ेगा।

कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि राजस्थान में भाजपा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का चुनाव खराब करना चाहती है। दरअसल, 26 अक्टूबर को ईडी ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के जयपुर और सीकर स्थित घरों पर रेड की थी। फिर सीएम अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत को फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट केस में समन भेजा। 27 अक्टूबर को अशोक गहलोत ने ईडी की कार्रवाई को गुंडागर्दी बताया था। उन्होंने कहा- भाजपा ने जांच एजेंसियों के जरिए देश में आतंक फैला रखा है।

### भाजपा नेताओं पर कार्रवाई क्यों नहीं : ममता

दूसरी तरफ, ईडी ने राशन घोटाला मामले में पश्चिम बंगाल के वन मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक को गिरफ्तार किया। इस पर ममता बनर्जी ने कहा- भाजपा गंदा राजनीतिक खेल खेल रही है। चुनाव से पहले देशभर में विपक्षी नेताओं पर ईडी की छापामार कार्रवाई क्या दर्शाती है? ममता ने भाजपा से सवाल पूछा- क्या किसी भाजपा नेता के घर भी ईडी की छापेमारी हुई है? भाजपा कहती है कि वह सबका साथ, सबका विकास चाहती है। हकीकत में इसका मतलब सबका साथ, सबका सत्यनाश है। ईडी जांच और छापेमारी के नाम पर लोगों पर अत्याचार कर रही है। अंग्रेजों की तरह भाजपा उन सभी पर अत्याचार कर रही है, जो उसके खिलाफ हैं।

### टमाटर के बाद अब रुला रही प्याज

# प्याज की कीमत 80 रुपए किलो के पार

### बाजार में प्याज की कमी के कारण बढ़ रही कीमत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अभी महंगे टमाटर के बोझ से लोग उबर भी नहीं पाए थे कि प्याज की कीमत ने लोगों को रुलाना शुरू कर दिया।



नवरात्रि खत्म होने के साथ ही प्याज की कीमत रॉकेट की रफ्तार से भागने लगी है। जो प्याज एक हफ्ता पहले तक 20 से 25 रुपये किलो बिक रहा था अब वो दिल्ली में 80-85 रुपये किलो प्याज बिक रहा है। यही हाल रहा तो आने वाले कुछ दिनों में प्याज की कीमत 100 रुपए के पार पहुंच जाएगी। प्याज की बढ़ी कीमत से लोगों में नाराजगी है। लोगों का कहना है कि लंबे वक्त तक टमाटर के बढ़े दामों की वजह से घर का बजट बिगाड़ा, जो अब तक ठीक भी नहीं हो सका, अब प्याज की महंगाई के रुलाने लगी है। प्याज की कीमत में आई इस तेजी के पीछे वजह क्या है आज इसे समझने की कोशिश करते हैं।

### सरकार ने कहा, सप्लाई बढ़ा रहे

बढ़ती कीमतों पर कंज्यूमर अफेयर मिनिस्ट्री ने कहा कि राज्यों के थोक और खुदरा दोनों बाजारों में प्याज का अतिरिक्त स्टॉक भेजा जा रहा है। सरकार ने बताया कि अगस्त के बीच में दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, चंडीगढ़, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, उत्तराखंड, बिहार सहित 16 राज्यों में 1.74 लाख टन प्याज का स्टॉक भेजा गया था।

### नवंबर-दिसंबर तक आएगा नया माल

सब्जी विक्रेताओं की माने तो बाजार में प्याज की कमी है,जिसका असर उसके दाम पर पड़ रहा है। अगले महीने नवंबर-दिसंबर तक बाजार में नया माल आ जाएगा। नए माल के आने तक प्याज की कीमत कम होने की उम्मीद नहीं है। प्याज की आमद कम होने की वजह से इसकी कीमत बढ़ रही है। जो प्याज अभी हफ्ते दिन पहले 20 से 30 रुपये किलोग्राम बिक रहा था, अचानक उसकी कीमत 80 रुपए के पार जा चुकी है। हालात ये है कि सरकार की कोशिशों के बाद भी प्याज की कीमत नियंत्रित नहीं हो पा रही है। दिवाली से पहले प्याज की बढ़ती कीमत ने लोगों के घर के बजट पर प्रभाव डालना शुरू कर दिया है। हालांकि उम्मीद है कि विधानसभा चुनावों को देखते हुए सरकार प्याज की कीमत को नियंत्रित करने के लिए ठोस कदम उठाएगी।



# ट्रेक्टर चोर को देवरी पुलिस ने किया गिरफ्तार




**सागर, देशबन्धु।** 27 अक्टूबर को फरियादी इन्द्राज गौंड पिता परषोत्तम गौंड उम्र 45 साल निवासी ग्राम जामुनपानी थाना देवरी जिला सागर द्वारा थाने पर उपस्थित होकर रिपोर्ट लेख कराई गई कि 24 अक्टूबर के 22.30 बजे से 22.40 बजे की दरम्यानी रात इनका ट्रेक्टर क्र. एमपी 15 एबी 3597 मेसी कम्पनी का मय पंजा के कीमती करीबन 5 लाख रुपये का कोई अज्ञात चोर चोरी करके ले गया है फरियादी की रिपोर्ट पर थाना देवरी में अपराध क्र. 504/23 धारा 379 ताहि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना के पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर लोकेश कुमार सिन्हा, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस देवरी शशिकांत शरयाम के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी देवरी निरी. रोहित डोंगरे के नेतृत्व में टीम गठित कर अज्ञात आरोपी की पतासाजी की गई जो थाना देवरी के निगरानी/गुण्डा बदमाश से पूछताछ की गई एवं मुखबिर तंत्र को सक्रिय करके पुलिस टीम द्वारा सतत लगन एवं मेहनत से अज्ञात वाहन चोर की तलाश पतारसी कर संदेही दीपक पिता कृष्णकुमार पचौरी उम्र 44 साल नि. ग्राम थावरी थाना देवरी से हिकमत अमली से पूछताछ करने पर संदेही दीपक पचौरी के द्वारा चोरी गये वाहन को चोरी करना स्वीकार करने पर मेमोरेण्डम के आधार पर चोरी गये वाहन ट्रेक्टर क्र. एमपी 15 एबी 3597 कीमती 500000 का आरोपी की निशादेही में ग्राम ढेंगुआ की जंगल से जप्त किया जाकर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय जेएमएफसी देवरी जिला सागर में जे.आर. पर पेश किया गया है जो आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में उपजेल रहली में निरुध किया गया है। उक्त ट्रेक्टर को बरामद करने एवं आरोपी को गिरफ्तार करने में निरीक्षक रोहित डोंगरे, उनि निशांत भगत, उनि अनिल कुजूर, सउनि सत्येन्द्र सिंह, आर. मनीष तिवारी, आशीष गौतम, निपेन्द्र, राजेन्द्र, मुकेश कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## चुनावी पाठशाला एवं चुनावी साक्षरता क्लब की बैठक हुई आयोजित



**बीना, देशबन्धु।** मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में चुनावी पाठशाला एवं चुनावी साक्षरता क्लब की बैठक प्राचार्य डॉ. रेखा बरेठिया के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे स्वीप प्लान के माध्यम से युवा मतदाताओं सहित सभी मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक करने एवं निर्वाचन प्रक्रिया से अवगत कराने के लिए प्रेरित किया। डॉ. एके जैन ने कहा कि लोकतंत्र में सभी मतदाताओं की भागीदारी आवश्यक है। स्वीप मीडिया प्रभारी डॉ. एमएल सोनी ने कहा कि सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी गौरव नैलवाल ने कहा कि मतदान आपका अधिकार है तथा जिम्मेदारी भी है। चुनावी साक्षरता क्लब के प्रभारी सुनील ओझा ने विद्यार्थियों को मतदान की महत्ता से अवगत कराया। इस अवसर पर प्रो. आरएस तिवारी, मो. रफीक शेख, डॉ. नीलम सिंह, दीपिका दीक्षित, श्वेता दुबे, राजेश माहौर, डॉ. महेंद्र कुमार पटेल, उमेश यादव सहित समस्त महाविद्यालय स्टाफ द्वारा विद्यार्थियों को अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया तथा 17 नवंबर को वोटर सेल्फी के माध्यम से सभी मतदाताओं से मतदान की अपील की गई।

## मवेशी से टकराकर बाइक चालक हुआ घायल

**बीना, देशबन्धु।** शुक्रवार रात एक बाइक चालक मवेशी से टकरा गया। जिससे बाइक चालक घायल हो गया। जिसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिसका इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार बीना-मालथौन रोड़ स्थित खिमलासा की नर्सरी के पास शुक्रवार रात बाइक चालक मनचले अहिरवार 28 निवासी मालथौन जो अपनी बाइक क्रमांक एमपी 15 एनजे 7042 से बीना से मालथौन लौट रहा था तभी अचानक से सड़क पर मवेशी आ जाने की वजह से वह मवेशी से टकरा गया और घायल हो गया। घटना की जानकारी 108 एंबुलेंस को दी गई। सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस के डॉ. काशीराम पटेल और पायलट सूर्यकांत गौतम मौके पर पहुंचे और घायल को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल मनचले अहिरवार ने बताया कि उसके भांजे को ट्रेन से इंदौर जाना था उसे बीना रेलवे स्टेशन से ट्रेन पकड़नी थी तो वह भांजे को छोड़ने के लिए बीना रेलवे स्टेशन गए हुए थे। भांजे को बीना रेलवे स्टेशन छोड़ने के बाद वह अपने घर लौट रहा था तभी रास्ते में यह घटना हो गई।

## गोड़वाना गणतंत्र पार्टी ने रजत दीवान को बनाया प्रत्याशी



**केसली, देशबन्धु।** केसली विकासखंड में निवास करने वाले रजत दीवान पर गोड़वाना गणतंत्र पार्टी ने विश्वास जताया है और देवरी से प्रत्याशी बनाया है।

## स्थिर और अनुशासन के लिए साहित्यिक हस्तक्षेप आवश्यक है: डॉ भावुक

**सागर, देशबन्धु।** सागर की साहित्यिक गतिविधियों के मध्य एक ऐतिहासिक स्मरणीय प्रयासों की चर्चा भी बन जाएगी सागर ने 1502 वीं गोष्ठी निर्बाध गति से निरंतर क्रम में संपन्न हो गई। प्रति शनिवार दिन के 3 बजे से प्रारंभ होने वाली यह गोष्ठी 6 हफ्ते बाद अपनी 29 वर्ष की यात्रा संपन्न करेगी। शनिवार की गोष्ठी जिला इकाई के अध्यक्ष डॉ. सीताराम श्रीवास्तव भावुक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस संगोष्ठी में डॉ. भावुक ने कहा कि स्थिर और अनुशासन के लिए साहित्यिक हस्तक्षेप आवश्यक है देशकाल परिस्थितियों को देखकर साहित्यिक गतिविधियों की आवश्यकता को जरूरी मानते हुए निरंतर साप्ताहिक आयोजन को सराहते हुए जहां संयोजक मणीकांत चौबे की प्रशंसा की वही साहित्यकारों की बड़ी उपलब्धि मानते हुए सक्रिय भागीदारों की भूरी भूरी प्रशंसा की। डॉ. भावुक के पूर्व चित्रकूट कर्वी के कवि रामलाल द्विवेदी प्राणेश ने सरस्वती वंदना की और शानदार चौकड़िया कुंडलियों की प्रस्तुति दी। गोष्ठी के संयोजक बेलिहाज चौबे ने अपने स्वागत भाषण में अपने सदस्यों और सहयोगियों की मंगल कामना करते हुए कहा कि आने वाला कल आपके अनुकूल हो इसके लिए समाज के बीच संतुलन के साथ वैचारिक बदलाव की भी आवश्यकता है, आने वाले चुनाव को लेकर साहित्यकारों से अपील की कि समय रहते समाज के बीच जाकर सच्चाई और श्रेष्ठता को आधार बनाने की अपील करें आज के दौर में तटस्थ रहकर हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता इस पर एक कविता भी प्रस्तुत की कौन कहता है वो गुनहगार है, आप नहीं कहते, मैं नहीं कहता, कौन किसके दर्द सेए यहां बेजार है। इस गोष्ठी में काव्य पाठ हेतु सागर से मणिदेव ठाकुर, खजुराहो से परमलाल तिवारी, पृथ्वीपुर से प्रेम घनघोरिया और संध्या साहू, वीरेंद्र त्रिपाठी, सागर से डॉ. चंचला दवे, खुरई से डॉ. राजेंद्र मलैया नमन, पृथ्वीपुर से रविशंकर बिलगैयां, रीवा से डॉ. बारेलाल जैन, बड़ामलहरा से डॉ. देवदत्त द्विवेदी, दमोह से पुष्पा चिले और प्रेमलता नीलम, सागर से संतोष श्रीवास्तव विद्यार्थी, पूरन सिंह राजपूत ने काव्य की विभिन्न प्रस्तुतियां दी। संगोष्ठी में साहित्य मनीषी व प्रबुद्धजन उपस्थित रहे और कवियों का उत्साह वर्धन किया और गोष्ठी के संयोजक मणीकांत चौबे ने आभार व्यक्त किया।

## मतदान दलों का प्रशिक्षण 4 नवम्बर को

**सागर, देशबन्धु।** जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशानुसार अनुपस्थित वोटर 80 वर्ष आयु वर्ग एवं दिव्यांग श्रेणी के मतदान दलों का प्रशिक्षण 4 नवम्बर को सभी सेक्टर व माइक्रो ऑब्जर्वर के साथ पद्माकर सभागार में 12 बजे से होगा। इस प्रशिक्षण में होम पोलिंग पार्टी के पीओ-पी1, सेक्टर अधिकारी, माइक्रो ऑब्जर्वर व वीडियो ग्राफर ट्रेनिंग लेंगे। सभी सेक्टर अधिकारी अपनी टीम के साथ प्रशिक्षण में उपस्थित रहने का आग्रह किया। सेक्टर अधिकारी अपनी टीम का आदेश सबंधित कार्यालय से प्राप्त करें एवं संबंधित विभाग प्रमुख भी अधीनस्थों को उपस्थित करायें। तिथि आयोग के प्राप्त निर्देशों के तहत 30 अक्तूबर की जगह 4 नवम्बर हो गई हैं।

## मतदाता जागरूकता अभियान चलाया



**बीना, देशबन्धु।** विधानसभा क्षेत्र बीना के ग्राम पंचायत सनाई के ग्राम पिपरिया में स्वीप प्लान के अंतर्गत जागरूक देश की एक ही पहचान शत प्रतिशत हो मतदान के संदेश के साथ एसडीएम देवेन्द्र प्रताप सिंह और बीना जनपद पंचायत सीईओ ऋतु जैन के सह निर्देशन तथा रिसर्च एसोसिएट आशय जैन के निर्देश पर जन सेवा मित्रो द्वारा रंगोली और मेंहदी में मतदाता जागरूकता की आकृति बनाकर लोगो को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण भी उपस्थित रहे और उन्होंने शत प्रतिशत मतदान करने के लिए शपथ ली। ग्रामीणों ने कहा कि मैं अपने वोट के साथ साथ गांव के अन्य लोगों को भी मतदान करने के प्रति जागरूक करूंगा। कार्यक्रम के दौरान पिपरिया बूथ के बीएलओ, पंचायत सचिव और स्कूल के शिक्षक भी उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनाया गया आचार्य श्री का जन्मजयंती महोत्सव



**राहतगढ़, देशबन्धु।** सकल दिगंबर जैन समाज ने दो दिवसीय आचार्य श्री विद्यासागर का 77 वां अवतरण दिवस नगर में विराजमान आर्यिका अनंतमति माताजी के ससंघ सानिध्य में धूमधाम से मनाया। सुबह गंज मंदिर स्थित पारस भवन में अभिषेक, शांतिधारा, पूजन, विधान किया गया। आकर्षक रंगोलियां सजाई गई। आचार्य श्री के जीवन पर आधारित एवं उनके ही द्वारा रचित अद्भुत, अनोखे, अद्वितीय महाकाव्य मूकमाटी पर आधारित नाटिका की मनमोहन प्रस्तुति दी गई। जिसमे बालक विद्याधर का सदलगा में जन्म होने पर सभी महिला, पुरुष, बच्चे, बूढ़े ढोल बाजे एवं संगीत की धुन पर अपने-अपने स्थान पर हर्षित भाव से नाचते झूमते दिखाई दिए। शाम को श्री भक्तामर पाठ एवं आचार्य श्री की आरती की गई। इस दौरान आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को कंबल प्रदान किए गए। आर्यिका अनंतमति माताजी ने बताया कि शरद पूर्णिमा पर आचार्य श्री जी के हर एक चरण सेवक का चाहे वो जैन हो या जैन बस एक ही भाव रहता है कि हमारे आचार्य श्री इस धरा पर सदा सदा जयवंत रहें। आचार्य श्री के आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन से देश में जीवदया के क्षेत्र में अनेक गौ शालाएं, बच्चियों की संस्कारों से युक्त शिक्षा के लिए प्रतिभास्थली, चिकित्सा क्षेत्र में भाग्योदय जैसे विशाल अस्पताल, संचालित है। आचार्य श्री सिर्फ जैन समाज के ही नही अपितु जन जन के संत है। आचार्य श्री का जीवन साधना का दूसरा नाम है, और उनका लेखन किसी दर्शन से कम नहीं है। पृथ्वी पर साक्षात तीर्थंकर, प्रखर वक्ता, वात्सल्य और करुणा की मूर्ति, महाकवि और महान तपस्वी साधक है। जिन्हे देखते ही हर एक व्यक्ति उनके चरणों की ओर खिचा चला आता है। इस अवसर पर महिला मंडल, जिन संस्कृति मंडल, पाठशाला परिवार, युवा संघ के सदस्य एवं सभी समाज जन उपस्थित थे।

## आचार्य विद्यासागर का अवतरण दिवस हर्षोल्लास से मनाया

**मालथौन, देशबन्धु।** संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर का अवतरण दिवस सकल जैन समाज द्वारा हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। आचार्य श्री के 78 वां अवतरण दिवस पर जैन समाज द्वारा अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रभात बेला में प्रभात फेरी बड़ा मंदिर से बस स्टैंड तक धर्म ध्वजाओं व जयकारों के साथ निकली गयी। इसके उपरांत नगर के तीनों जिनालयों में श्रीजी का अभिषेक व बृहद शांतिधारा 64 ऋद्धि धारी मंत्रो के साथ आचार्य श्री की दीर्घायु की मंगलकामना के साथ संपन्न हुई। तद्पश्चात गंज मंदिर मे विधान पूजन किया गया। संचालित संस्कार पाठशाला का कलश स्थापना की गई। एव्ही एस शिक्षा एवं प्रसार समाजोत्थान समिति एवं आचार्य विद्यासागर ज्ञानपीठ द्वारा दयोदय गौशाला में पशुओं को गुड़ और आहार दान किया। वही परिसर में समाज के लोगो द्वारा पौधरोपण किया। दोपहर में खिमलासा रोड स्थित फल और मिष्ठान वितरण किया। इस अवसर दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी अध्यक्ष योगेश कठरया, रमेश हिरंक्षिपा, कंछेदी लाल, संतोष चौधरी, मंजू सतभैया, जिनेंद्र मोदी आदि शामिल रहे।

## संजय रोहिदास युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव नियुक्त



**सागर, देशबन्धु।** मप्र युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत भूरिया, युवा कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव प्रभारी मप्र अखिलेश यादव की सहमति से इंजी. संजय रोहिदास को मप्र युवा कांग्रेस में प्रदेश सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है। पूर्व में इंजी. संजय रोहिदास नगर युवा कांग्रेस मकरोनिया में नगर अध्यक्ष के पद पर थे। नियुक्त पर सभी युवा एवं वरिष्ठ कांग्रेस जनों ने संजय रोहिदास को शुभकामनाएं दी।

## नीलेश सिंह पवार ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में किया नामांकन दाखिल



**बीना, देशबन्धु।** आम आदमी पार्टी बीना के पूर्व बीना विधानसभा प्रभारी नीलेश सिंह पवार ने शुक्रवार को नामांकन दाखिल किया। नीलेश सिंह पवार ने बताया बीना की जनता भाजपा-कांग्रेस के 30 साल के शासन को देख चुकी है और बीना की जनता बदलाव करना चाहती है। क्षेत्र की जनता के लिए हमेशा से आवाज उठाता रहा हूं, आगे भी जनता के लिए संघर्ष जारी रहेगा चाहे वह विधानसभा में हो या सड़क पर संघर्ष हो।

## अश्लील कृत्य करने वाले आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं अर्थदण्ड

**सागर, देशबन्धु।** अश्लील कृत्य करने वाले आरोपी को विशेष न्यायाधीश पाक्सों एक्ट एवं नवम अपर सत्र न्यायाधीश ज्योति मिश्रा जिला सागर की अदालत ने दोषी करार देते हुये पाक्सो एक्ट की धारा. 5/6 के तहत 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं तीन हजार रूपये अर्थदण्ड एवं भादवि की धारा. 506 भाग.1 के तहत 2 वर्ष के सश्रम कारावास से दंडित किया है। मामले की पैरवी प्रभारी उप.संचालक अभियोजन धर्मेन्द्र सिंह तारन के मार्गदर्शन में विशेष लोक अभियोजक एडीपीओ मनोज पटैल ने की। घटना इस प्रकार है कि 4 सितम्बर 2022 को 19.43 बजे अभियोक्त्री की मां द्वारा थाना मकरोनिया में मौखिक सूचना दिए जाने पर थाना मकरोनिया में अप. क्र. 479/22 के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट लेख की गई कि 3 सितम्बर 2022 के करीब दिन के 10 की बात की बात है, वह घर पर अपने बच्चों को आरोपी पिता के पास छोडकर मंदिर दर्शन करने के लिए गई थी जब करीबन 11.30 बजे घर आई और किचिन में पहुंची, तो देखा कि उसका आरोपी पति अभियोक्त्री के साथ अश्लील कृत्य कर रहा था, उसे देखकर वह उपर बाली मंजिल की तरफ भाग गया, फिर उसने अभियोक्त्री से पूछा कि आरोपी क्या कर रहा था तो उसने बताया कि आरोपी उसके साथ अश्लील कृत्य कर रहा था और ऐसा कृत्य वह दीदी के साथ भी करता था तब उसने अपनी बडी बेटी दूसरी अभियोक्त्री को बुलाया उसने बताया कि जब आप घर से कहीं बाहर जाती थी, तब आरोपी उसके साथ अश्लील कृत्य करता था और धमकी देकर कहते थे यदि मम्मी को बताया तो वह उन सभी को घर से निकाल देगा और मम्मी को मारेगा, जिस कारण से दूसरी अभियोक्त्री ने घटना नहीं बताई, तत्पश्चात अभियोक्त्री की मां के द्वारा थाना आकर रिपोर्ट लेखबद्ध कराई थी। विवेचना पश्चात् अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहां विचारण उपरांत न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुये पॉक्सो अधिनियम के अपराध में उपर्युक्त सजा से दंडित किया।

## आचार्य विद्यासागर का अवतरण दिवस धूमधाम से मनाया



**जैसीनगर, देशबन्धु।** शरद पूर्णिमा संत श्री आचार्य विद्यासागर का अवतरण दिवस है और जैसीनगर में जैन समाज ने अवतरण दिवस धूमधाम हर्षोल्लास की साथ मनाया, उन्होंने बड़े मंदिर से नगर में शोभायात्रा निकाली जो नगर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए बड़े महादेव मंदिर में समाप्त हुई, शोभायात्रा में बड़ी संख्या में जैन समाज की महिला पुरुष युवा शामिल हुए।

## आचार्य श्री विद्यासागर विश्व वंदनीय है: मुनिश्री



**मकरोनिया, देशबन्धु।** आचार्य श्री विद्यासागर विश्व वंदनीय है। जिस वेष में जन्म लिया, उसे वे में आचार्य श्री दिगंबरत्व को प्राप्त हो गए यह बात मुनि श्री सुदत्तसागर ने अंकुर कॉलोनी स्थित श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में आचार्य श्री विद्यासागर के 78 वें अवतरण दिवस शरद पूर्णिमा के अवसर पर धर्म सभा को संबोधित करते हुए कही, मुनिश्री ने कहा की जन्म शब्द में तीन अक्षर ज-जन्म, म-मरण, न-नाश, आचार्य श्री जन्म मरण के नाश में निरंतर साधना रत है। आचार्य श्री के गुणगान महोत्सव में प्रशंसा नहीं उन्हें पसंद करो, प्रशंसा करने का अर्थ है उनकी पूजा, गुणगान आदि करना और पसंद करने का अर्थ है कि मैं आप जैसा बनना चाहता हूं, आपके द्वारा दिए गए संकल्प, त्याग, व्रत का पालन करना और पिच्छी, कमंडल धारण करूंगा। क्षुल्लक श्री चंद्रदत्त सागर ने कहा आज पूर्णिमा पूर्ण मां को देने वाली उस मां श्रीमंती को भी याद करना जिन्होंने ऐसे महापुरुष को जन्म दिया है जिनकी हम पूजांजलि, भावांजलि, काव्यांजलि, विनयांजलि के रूप में गुणानुवाद कर रहे हैं। मां महात्मा परमात्मा का पूर्ण रूप है आचार्य श्री जो संपूर्ण देश में शिक्षा, स्वदेशी, धर्म, त्याग, जीव रक्षा, गौशाला, औषधालय हथकरघा हर क्षेत्र में सभी को जोड़कर श्रेष्ठ श्रावक, श्रेष्ठ भारत के निर्माण की प्रेरणा देकर सबको जोड़ रहे हैं। प्रातः काल से ही गुरु पूजन, दीप प्रज्वलन, शास्त्र भेंट, आरती भजन, गीत, कविता आदि नेत्र जांच शिविर चश्मा भेंट आदि कार्यक्रमों में भक्ति उमड पड़ी। हर कोई बस आचार्य श्री के प्रति उद्गार संस्मरण आदि सुनने को लालायित था। बस भगवान स्वरूप आचार्य श्री के प्रति सभी का समर्पण आस्था अपूर्व है, रहेगी। शाम को 78 दीपकों से आचार्य श्री विद्यासागर की आरती की गई। कार्यक्रम का संचालन पं. उदय चंद शास्त्री ने किया।

## राजनेता, चिकित्सक से बड़े साहित्यकार थे डॉ. सिलाकारी: सुखदेव तिवारी




**सागर, देशबन्धु।** डॉ. लक्ष्मीनारायण सिलाकारी न केवल मजदूरों के नेता, आदर्श चिकित्सक बल्कि श्रेष्ठ साहित्यकार भी थे। ये बात वरिष्ठ साहित्यकार सुखदेव तिवारी ने संस्कृत विद्यालय में डॉ. सिलाकरी के जन्म शताब्दी वर्ष के आयोजित कार्यक्रम में कहीं। श्री तिवारी ने बताया कि जब वह सागर में स्कूल में नौकरी ज्वाइन करने आये तो तत्कालीन नपा अध्यक्ष डॉ. सिलाकारी ने उनका इंटरव्यू लिया जिसमें जयशंकर प्रसाद की कामायनी से लेकर कालिदास की अभिज्ञान शांकुतम को लेकर प्रश्न पूछे। कार्यक्रम में मौजूद टीकाराम त्रिपाठी रुद्र ने उनके द्वारा शहर में पहली नल जल योजना सहित नपाध्यक्ष रहते हुए उनके कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। संस्कृत विद्यालय के अध्यक्ष के.के सिलाकारी, वरिष्ठ साहित्यकार लक्ष्मीनारायण चौरसिया, महेश चौबे आदि ने भी डॉ. सिलाकारी पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर रज्जन अग्रवाल, आशा सिलाकारी, ज्वाला राजौरिया, भगवान सिंह सहित अन्य मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रवींद्र सिलाकारी ने किया। आभार अरुण सिलाकारी ने माना।

# आचार्य विद्यासागर के 77 वें अवतरण दिवस पर हुए कार्यक्रम



**शाहगढ़, देशबन्धु।** आचार्य विद्यासागर का 77 वां एवं आर्यिका ज्ञानमती माताजी का 89 वां अवतरण दिवस पर नगर में विराजमान मुनिश्री विरंजन सागर के सानिध्य में धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाया गया। विद्यासागर आरती संघ द्वारा पंचायती जिनालय से सुबह विभिन्न मार्गो से निकाली गई प्रभात फेरी का समापन मुनिश्री विरंजन सागर का सौ से अधिक बच्चों को दिए संदेश और आरती संघ द्वारा लड्डू वितरण के साथ समापन हुआ। तत्पश्चात नगर भवन में चल रहे 25 समोशरण महामंडल विधान और विश्व शांति महायज्ञ अनुष्ठान में शरद पूर्णिमा पर हुए कार्यक्रम में शांतिधारा विकाश अदावन परिवार, मुनिश्री के पाद प्रक्षालन पंकज जेतहरी, शास्त्र भेंट चक्रेश मोदी को प्राप्त हुआ, दोपहर में विन्यांजलि सभा हुई। वहीं रात्रि में योगेश समेया शिक्षक के घर से बड़े ही धूमधाम से निकली महाआरती में सकल समाज शामिल होकर समोशरण में विराजमान भगवान की भक्ती की, विद्या सागर आरती संघ द्वारा विराट भजन आरती नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई। आर्यिका ज्ञानमति माताजी के 89 वें अवतरण दिवस पर भी सामुहिक अर्घ्य समर्पित किया गया। नगर के सभी मंदिरों में पूजन अभिषेक क्रियाये सुबह से ही होती रही।

## श्रवण सस्कृति के उननायक आचार्य श्री की चर्या ही उनका परिचय है: मुनिश्री

मुनिश्री विरंजन सागर ने कहा कि अनादि काल से यह आत्मा मोह राग द्वेष के कारण भटक रही है, जीव ने वह मनोरंजन लेते हुए अपनी आत्मा का बोध नहीं किया, मनोरंजन व्यक्ति को अच्छा लगता है वही जिनवाणी का रसपान कराया जाए तो व्यक्ति को नींद आने लगती है, वहिरात्मा से अंतरात्मा में परिणामित हुए सदलगा के चिक्कोडी गांव से निकला वह बालक नायक बनकर पूरे विश्व को अहिंसा धर्म की अलख जगा रहा है, बताया गया है जब कोई तांडव होता है तो कोई युग पुरुष जन्म लेता है वही महामुनिराज विद्यासागर महाराज है जो आज इस धरती पर धर्म को जीवंत रखे हुए हैं, मुनिश्री ने आचार्यश्री के कई संस्मरण सुनाए। आचार्यश्री ने 300 से अधिक मुनिराज और माता जी को दीक्षा दी है। श्रवण सस्कृति के उननायक आचार्य श्री की चर्या ही उनका परिचय है, मुनिश्री ने आचार्यश्री का गुणगान करते हुए कहा कि उनकी कृपा से ही आज पूरे विश्व में जैन धर्म की ध्वजा लहरा रही है। गुरुदेव ने मूक पशुओं की रक्षा के लिए गौशाला खुलवाई, संस्कारित शिक्षा लड़कियों को प्रतिभास्थली स्कूल में शिक्षा दी जा रही है। अहिंसक वस्त्रों का उपयोग हो इसके लिए हथकरघा से लोगों को आत्मनिर्भर बनाते हुए कपड़ों का निर्माण कार्य हो रहा है। हजारों की संख्या में बाल ब्रह्मचारी भाई-बहन अभी भी आचार्य श्री की प्रेरणा से देश भर में समाज की सेवा में लगे है।

## सार समाचार

### मतदाता जागरूकता के लिए मिलेगा पुरस्कार

**छतरपुर, देशबन्धु।** मतदाता शिक्षा और जागरूकता के लिये सर्वोत्तम अभियान चलाने वाले मीडिया संस्थानों को भारत निर्वाचन आयोग नेशनल मीडिया अवार्ड-2023 चार विभिन्न श्रेणियों में प्रदान करेगा। आयोग ने 10 दिसम्बर 2023 तक संस्थानों से प्रस्ताव आमंत्रित किये हैं। अवर सचिव (संचार) भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा 19 अक्टूबर को जारी पत्र के अनुसार मतदाता शिक्षा और मतदान जागरूकता के सर्वोत्तम अभियान के लिये नेशनल मीडिया अवार्ड-2023 प्रदान किये जायेंगे। मीडिया संस्थानों को पुरस्कार चार श्रेणियों में प्रदान किये जायेंगे। पुरस्कार मतदाताओं को मतदान के लिये प्रेरित करने और मतदान के प्रति जागरूकता के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिये चलाये जा रहे उत्कृष्ट अभियानों को प्रोत्साहित करने के लिये दिये जा रहे हैं। प्राप्त निर्देशानुसार प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक (टेलीविजन) मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक (रेडियो) मीडिया और ऑनलाइन (इंटरनेट)/सोशल मीडिया श्रेणियों में पृथक-पृथक पुरस्कार दिये जायेंगे। वर्ष 2023 में मतदान के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने के लिये मीडिया संस्थानों द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्यों और उपलब्धियों को प्रदर्शित करते हुए विभिन्न चार श्रेणियों में अपने प्रस्ताव भेजने होंगे।

### 12 घंटे पहले हुई लूट का खुलासा, 2 आरोपी पकड़े



**लवकुशनगर, देशबन्धु** लवकुशनगर की बजाज एजेंसी पर बीते रोज दिनदहाड़े दो आरोपियों के द्वारा कट्टा दिखाकर लूट की वारदात को अंजाम दिया गया था। इस मामले में पुलिस ने 12 घंटे के भीतर लवकुशनगर निवासी दो आरोपियों को लूटे गए माल और वाहन के साथ गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक आरोपियों ने काले रंग की पल्सर मोटर साईकिल के माध्यम से लवकुशनगर पहुंचकर कट्टा दिखाते हुए 20 हजार रूपए का मोबाइल, सोने की एक चैन सहित कुल एक लाख 20 हजार रूपए की संपत्ति लूट ली थी। आरोपी लूट की इस वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए थे। आरोपियों ने बगमऊ निवासी एक 65 वर्षीय बुजुर्ग के साथ लूट की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर धारा 392 का प्रकरण दर्ज किया था। पुलिस ने इस मामले में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस गिरफ्तारी में एसडीओपी नवीन दुबे के निर्देश पर लवकुशनगर थाना प्रभारी प्रशांत सेन, उपनिरीक्षक सतेन्द्र यादव, सहायक उपनिरीक्षक जेपी अहिरवार, प्रधान आरक्षक महेन्द्र यादव, आरक्षक रमाकांत तिवारी की शानदार भूमिका रही।

---

छतरपुर मारेगा शतक, आओ चलें मतदान की ओर

# मानव श्रृंखला बनाकर शत-प्रतिशत मतदान का लिया संकल्प

*छतरपुर, देशबन्धु। छतरपुर जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने ''छतरपुर मारेगा शतक'' की थीम पर वृहद मानव श्रृंखला बनाकर युवाओं द्वारा 17 नवम्बर को मतदान करने का संदेश दिया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी.आर. की उपस्थिति में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत बाबूराम चतुर्वेदी स्टेडियम में शनिवार को वोटर्स को प्रेरित करने वॉकाथन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।*

*इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जी.आर. द्वारा मतदान करने की शपथ दिलाई गई और नए वोटर्स को पौधा सौंपकर सम्मानित किया गया। इस दौरान 17 नवम्बर को मतदान करने जाना है, अपना फर्ज निभाना है जिलेवासियों को संदेश दिया गया।*

*कलेक्टर श्री जी.आर. ने वोटर्स को प्रेरित करने रंग बिरंगे गुब्बारों को आसमान में छोड़ा। तत्पश्चात् मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और नए वोटर्स के साथ में पैदल चलकर शहरवासियों को मतदान करने का संदेश दिया। रैली स्टेडियम प्रांगण से प्रारंभ होकर छत्रसाल चौक, महल रोड से पुलिस लाइन होते हुए स्टेडियम में समाप्त हुई।*

*कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जी.आर. ने जिलेवासियों से अपील की कि 17 नवम्बर को मतदान अवश्य करें। मतदान केंद्रों में क्यू मैनेजमेंट व्यवस्था को लागू किया गया है। जिससे बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को वोट डालने में आसानी होगी। साथ ही सभी मतदान केंद्रों पर दिव्यांग फ्रेंडली रैंप बनाए गए।*

*इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल अधिकारी श्रीमती तपस्या परिहार, सीसीएफ संजीव झा, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नम-शिवाय अरजरिया, एसडीएम बलवीर रमन, विश्वविद्यालय के कुल सचिव यशंवत पटेल, एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक महेश कुमार शर्मा, मुख्य प्रबंधक दिनेश कारपेंटर, एलडीएम रविशंकर सिन्हा एलडीएम, सीएमओ माधुरी शर्मा, सिटी मैनेजर सी.पी. गुप्ता एवं एनएसएस के कार्यकर्ता सहित जिला अधिकारी और विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।*





### मतदाताओं ने शपथ ली, निर्भीक होकर करेंगे मतदान

*जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी.आर. ने बाबूराम चतुर्वेदी स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में मतदाताओं को शपथ दिलाई। मतदाताओं ने शपथ ली कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।*

***नुक्कड़ नाटक से दिया संदेश, नहीं आएं प्रलोभन में, सही प्रतिनिधि चुनें*** *: छतरपुर जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन जारी है। इसीक्रम में जगह-जगह नुक्कड़ नाटक आयोजित कर मतदाताओं को 17 नवम्बर को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। शनिवार को छतरपुर शहर के स्टेडियम में आयोजित वॉकाथन के अवसर पर रवि अहिरवार की टीम द्वारा गीत संगीत और अभिनय के साथ मनोरंजक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। जिसे दर्शकों द्वारा सराहा गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया गया कि मतदान केन्द्रों पर बुजुर्गों, दिव्यांगों के लिए जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। मतदान केन्द्रों पर ऐसे मतदाता बिना किसी व्यवधान के आसानी से मतदान कर सकेंगे। इसके साथ ही नुक्कड़ के माध्यम से संदेश दिया गया कि एक वोट भी बहुत कीमती है। सोच समझकर सही प्रतिनिधि को बिना किसी प्रलोभन के वोट करें।*

---

खजुराहो की सभा में बोले शिवराज

# पटेरिया जीत जाते तो 2018 में भाजपा की सरकार बन जाती

**छतरपुर, देशबन्धु।** पर्यटन नगरी खजुराहो के यशोबर्मन बस स्टैंड में आज राजनगर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा से प्रत्याशी अरविंद पटेरिया के पक्ष में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष तथा खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए पिछली बार हुई छोटी सी चूक को सुधारने के लिए जनता जनार्दन से इस बार अरविंद पटेरिया को भारी मतों से विजयश्री दिलाने के लिए मंच के माध्यम से आग्रह करते हुए सभा को संबोधित किया। शिवराज ने कहा कि मैं पिछली बार भोपाल में टीवी पर बैठकर राजनगर के नतीजे देखता रहा।




मामूली अंतर से अरविंद चुनाव हारे तभी मैंने सोच लिया था कि अब सरकार चली जाएगी। इस बार ऐसा मत करना।

कार्यक्रम के आरंभ में राजनगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अरविंद पटेरिया ने कहा कि मुझ जैसे एक छोटे से परिवार से आए हुए छोटे से कार्यकर्ता को जिस तरह से पार्टी और क्षेत्र की जनता जनार्दन ने प्यार और सम्मान दिया है उसका मैं हमेशा आभारी रहूंगा।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने विरोधियों पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा की गलती से पिछली बार करप्शन नाथ की सरकार क्या बन गई उन्होंने भाजपा के द्वारा संचालित सभी जनहितैषी योजनाएं बंद कर दी और मिस्टर बंटाधार के साथ मिलकर पूरे प्रदेश को लूटने का जो काम किया उसका बदला चुकाने का अब वक्त आ गया है और इस बार पूर्ण बहुमत से भाजपा की सरकार बनाएं जिससे कि खजुराहो के पर्यटन में बढ़ोतरी सहित इस क्षेत्र का विकास हो सके।

---

## संभाग की 26 सीटों पर भाजपा का मंथन आज



**छतरपुर, देशबन्धु।** सागर संभाग की 26 विधानसभा सीटों पर जीत की इबारत लिखने के लिए भाजपा के सबसे बड़े चाणक्य कहे जाने वाले अमित शाह आज खजुराहो में रणनीतिक मंथन करेंगे। वे खजुराहो के होटल रामाडा में भाजपा के पदाधिकारियों की बैठक लेकर इन सीटों पर चुनावी समीक्षा करेंगे। भाजपा कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज सुबह 11 बजे जे एस होटल खजुराहो में भाजपा पदाधिकारियों की संभागीय बैठक में शामिल होंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष मलखान सिंह ने बताया सागर संभाग के अपेक्षित पदाधिकारी बैठक में उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी अरविन्द बुंदेला ने प्रेस को दी है।

## आदर्श रामलीला : मनमोहक लीला का मंचन



**हरपालपुर, देशबन्धु।** हरपालपुर में चल रही स्थानीय आदर्श रामलीला में बड़ी ही मनमोहक लीला का स्थानीय पात्रों द्वारा मंचन किया गया जिसमें भगवान राम विवाह एवं धनुष यज्ञ व लक्ष्मण परशुराम संवाद की लीला का मंचन किया गया जिसमें भगवान राम से रावण अपने कुल को तारने की बात करते हुए भगवान राम से याचना करता है व इसी बीच महाराज जनक जब किसी राजा से धनुष का खण्डन तो क्या हिला भी न सके तो राजा जनक आवेश में आकर के कुछ अनुचित बचन बोलते हैं तभी लखन लाल जी और राजा जनक के बीच भी संवाद होता है इसके बाद गुरु विस्वामित्र की आज्ञा मिलते ही भगवान श्री राम धनुष का खण्डन करते हैं और माता जानकी का भगवान राम से विवाह होता है जिसे देखने भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

स्थानीय कलाकारों द्वारा खेली जा रही रामलीला का बड़ा ही मनमोहक दृश्य दर्शकों के सामने प्रस्तुत किया गया और दर्शन बड़ी ही मन मुक्त नजर आए जिसमें स्थानीय आदर्श रामलीला के व्यास पंडित विनोद महाराज अध्यक्ष अभिषेक मदन एवं उपाध्यक्ष नरेश चंद्र अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष करुण मदन मंच का संचालन कर रहे सचिव प्रदीप नगरिया कदम कंप्यूटर रामलीला के डायरेक्टर श्री धीरेंद्र कठेल जिसमें भगवान राम का किरदार पंडित व लक्ष्मण नमन रिछरिया दशानन का किरदार निभा रहे डिंपल ताम्रकार एवं बाणासुर का किरदार निभा रहे जय राजा एवं जनक का अभिनय कर रहे संदीप चौधरी।

---

महाराजपुर में रोचक हुआ चुनाव

## तिवारी ने बिगाड़ दिए कांग्रेस और भाजपा के समीकरण



- सपा के कारण बनी त्रिकोणीय संघर्ष की स्थिति

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले की महाराजपुर विधानसभा सीट पर त्रिकोणीय संघर्ष की स्थिति निर्मित हो गई है। समाजवादी पार्टी से मैदानी में उतरे कांग्रेस के बागी नेता अजय दौलत तिवारी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल करते ही अपना चुनावी अभियान शुरू कर दिया है। उनकी मौजूदगी के कारण यह चुनाव अब रोचक मोड़ पर आ गया है।

अजय दौलत तिवारी ने बीते रोज अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ सबसे पहले क्षेत्र के सरसेड़ धाम पहुचकर भगवान शिव का आशीर्वाद लिया और इसके बाद उन्होंने अपने चुनावी अभियान की शुरुआत कर दी।

उन्होंने ग्राम सरसेड़ से लेकर वीर भूमि सिंहपुर तक की यात्रा की। इस दौरान अनेक स्थानों पर जनता ने उन्हें पुष्पमालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया। श्री तिवारी ने इस मौके पर जनता से कहा कि यह चुनाव वे नहीं बल्कि जनता लड़ रही है। इस चुनाव के माध्यम से जनता भाजपा और कांग्रेस की गंदी राजनीति को क्षेत्र से उखाड़ फेकेगी। उन्होंने कहा कि एक तरफ भाजपा ने उन लोगों को मैदान में उतार दिया है जिन लोगों ने क्षेत्र को अपना गुलाम बना रखा है। तानाशाही और बाहुबल के माध्यम से जनता पर अत्याचार करने के आदि इन नेताओं ने जनता के लिए कभी कोई काम नही किया। दूसरी तरफ ऐसे लोग हैं जो लूट और गद्दारी के लिए राजनीति में आये है। कांग्रेस प्रत्याशी के द्वारा पिछले पांच वर्षों में सिर्फ लूट और घोटाले को ही संरक्षण दिया है। अब जनता ऐसे लोगों को जवाब देने जा रही है। उन्होंने जनता से अपील की है कि इस बार अपने क्षेत्र की व्यवस्था बदलने के लिए समाजवादी पार्टी की साइकिल को अपना आशीर्वाद प्रदान करें।

## भाजपा के चुनाव सहप्रभारी ने थामा कांग्रेस का दामन



**खजुराहो, देशबन्धु।** जिले की राजनगर विधानसभा में भाजपा को तगड़ा झटका लगा है। भाजपा के हाल ही में विधानसभा चुनाव के लिए बनाये गए चुनाव सह प्रभारी कुशवाहा समाज के दिग्गज नेता राकेश उर्फ बबलू कुशवाहा ने पार्टी को अलविदा कहते हुए कांग्रेस का दामन थाम लिया है। तेजी से हुए इस घटनाक्रम से भाजपा सन्न हो गई, तो वहीं कांग्रेस प्रत्याशी विक्रम सिंह की रणनीति एक बार फिर कारगर साबित हुई। राकेश कुशवाहा को दमोह में आयोजित कांग्रेस पार्टी के कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी तथा नातीराजा की मौजूदगी में पार्टी में शामिल किया। गौरतलब है कि कुशवाहा समाज के साथ-साथ क्षेत्र में गहरी पकड़ रखने वाले राकेश कुशवाहा चन्द्रनगर से सरपंच होने के साथ ही सरपंच संघ के अध्यक्ष भी हैं। पिछले कुछ समय से भाजपा से नाराज चल रहे थे, जिन्हें मनाने के लिए पार्टी ने पूरे प्रयास किये लेकिन वे सारे विफल साबित हुए।

---

### 4 विभागों के शासकीय सेवक डाक मतपत्र से कर सकेंगे मतदान

**छतरपुर, देशबन्धु।** मतदान के दिन ड्यूटी में होने पर 4 विभागों के शासकीय सेवकों को डाक मतपत्र से मतदान की सुविधा मिलेगी। मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन-2023 की मतदान तिथि 17 नवम्बर को अत्यावश्यक सेवाओं में कर्तव्यस्थ होने के कारण 4 विभागों के शासकीय सेवक डाक मतपत्र से मतदान कर सकेंगे। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस आशय की अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। जारी अधिसूचना के अनुसार मतदान के दिन ड्यूटी पर होने के कारण अपने निर्धारित मतदान केंद्र पर उपस्थित होने में सक्षम नहीं होंगे। ऐसे शासकीय सेवक डाक मतपत्र से मतदान करने के लिये पात्र होंगे। अत्यावश्यक सेवाओं में कार्यरत लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, चिकित्सा शिक्षा विभाग, गृह विभाग (अग्निशमन सेवाएँ) और ऊर्जा विभाग शामिल है।

छतरपुर विधानसभा के पंच परमेश्वर की बैठक संपन्न

## धनबल से बड़ा जनबल : यादव




कुशवाहा ने कहा रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात प्रत्येक बूथ पर सुनी जाए, मन की बात कार्यक्रम के उपरांत बूथ समिति की बैठक करने को कहा।

**छतरपुर, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी छतरपुर विधानसभा की कार्यकर्ताओं की बैठक आज भाजपा चुनाव कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में जिला अध्यक्ष मलखान सिंह, जिला प्रभारी प्रभु दयाल कुशवाहा, किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जिले के चुनाव प्रभारी राजकुमार चहर, कुमुद शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष जय नारायण अग्रवाल, विधानसभा प्रभारी जय राम चतुर्वेदी, जिला महामंत्री एवं विधानसभा संयोजक सुरेंद्र चौरसिया विशेष रूप से बैठक में उपस्थित रहे।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अरविंद बुंदेला ने बताया कि आज चुनाव कार्यालय में किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर के मुख्य आतिथ्य में बैठक आयोजित की गई जिसमें कार्यकर्ता बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर ने कहा कि प्रत्येक बूथ पर पंच परमेश्वर की टीम गठित है। यह टीम सक्रिय रूप से कार्य करें तो हमें जीतने से कोई नहीं रोक सकता है। जिला प्रभारी प्रभुदयाल

छतरपुर विधानसभा की प्रत्याशी ललिता यादव ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा मैंने पार्टी में महिला मोर्चा में बहुत छोटे पद से कार्य प्रारंभ किया था उस समय की मेहनत के फलस्वरूप मुझे आज तीसरी बार विधानसभा का टिकट पार्टी द्वारा दिया गया। श्रीमती यादव ने कहा कि धनवान होना ही सब कुछ नहीं है धन बल से बड़ा जन बल है।

---

*विधायक ने लगाए आरोप, भाजपा प्रत्याशी ने लगाया गरीबों की रोटी पर प्रतिबंध*

# *जिसे जनता की रोटी नहीं देखी गई वह विकास क्या करेंगी : चतुर्वेदी*

***छतरपुर, देशबन्धु।*** *छतरपुर में दो साल पहले कोरोनाकाल में उपजी जानलेवा परिस्थितियों के बाद हमने गरीबों और जरूरतमंद लोगों को एक रूपए में पेट भर भोजन उपलब्ध कराने के लिए चाचा की रसोई प्रारंभ की थी। इस रसोई में पिछले दो वर्षों में लगभग 5 लाख लोगों को भोजन कराया। यह रसोई छतरपुर ही नहीं आसपास के लोगों के लिए भी लाभकारी थी लेकिन चुनाव के समय छतरपुर विधानसभा की भाजपा प्रत्याशी ललिता यादव ने गरीबों के लिए चलाई जा रही इस रसोई को बंद करा दिया। उन्होंने निर्वाचन आयोग से आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत करते हुए इस रसोई पर ताला डलवा दिया। आप ही बताईए जब सरकार महिलाओं को चुनाव के पहले नगद राशि दे रही है तो यह आचार संहिता का उल्लंघन क्यों नहीं है और गरीबों के लिए रोटी उपलब्ध कराने वाली चाचा की रसोई कैसे आचार संहिता का उल्लंघन कर रही है?*



*यह बात छतरपुर विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी और विधायक आलोक चतुर्वेदी पज्जन भैया ने शनिवार को अपने जनसंपर्क के दौरान आम जनता के बीच कही। उन्होंने कहा कि हम चुनाव आचार संहिता के बाद एक बार फिर गरीबों के लिए रसोई का संचालन शुरू करेंगे। यह रसोई लोगों की मदद करती रहेगी। विधायक श्री चतुर्वेदी ने शनिवार को नगर के सिद्धेश्वर मंदिर मार्ग, नटपुरा, नारायणपुरा, कृष्णा कॉलोनी, बस स्टेण्ड, नैगुंवा, पड़रिया, बसाटा, टपरियन एवं रोरा ग्राम में घर-घर जाकर संपर्क करते हुए जनता के बीच चौपालें लगाईं। उन्होंने कहा कि मप्र की कुशासनकारी भाजपा सरकार को हटाकर जनता को महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से मुक्त कराने वाली कांग्रेस की सरकार को बनाएं।*



कहानी

# जार्ज पंचम की नाक

■ कमलेश्वर

यह बात उस समय की है जब इंग्लैण्ड की रानी ऐलिज़ाबेथ द्वितीय मय अपने पति के हिन्दुस्तान पधारने वाली थीं। अखबारों में उनके चर्चे हो रहे थे। रोज़ लन्दन के अखबारों में ख़बरें आ रही थीं कि शाही दौरे के लिए कैसी–कैसी तैयारियाँ हो रही हैं.... रानी ऐलिजाबेथ का दर्ज़ी परेशान था कि हिन्दुस्तान, पाकिस्तान और नेपाल के दौरे पर रानी क्या पहनेगी ? उनका सेक्रेटरी और जासूस भी उनके पहले ही इस महाद्वीप का तूफान दौरा करने वाला था.. आखिर कोई मजाक तो था नहीं, ज़माना चूंकि नया था, फौज–फाटे के साथ निकलने के दिन बीत चुके थे इसलिए फोटोग्राफरों की फौज तैयार हो रही थी....

इंग्लैंड के अखबारों की कतरनें हिन्दुस्तानी अखबारों में दूसरे दिन चिपकी नज़र आती थी.... कि रानी ने एक ऐसा हल्के नीले रंग का सूट बनवाया है, जिसका रेशमी कपड़ा हिन्दुस्तान से मंगवाया गया है... कि करीब 400 पौंड खर्चा उस सूट पर आया है।

रानी ऐलिज़ाबेथ की जन्मपत्री भी छपी। प्रिन्स फिलिप के कारनामे छपे, और तो और उनके नौकरों, बावर्चियों, खानसामों, अंगरक्षकों की पूरी–की–पूरी जीवनियां देखने में आई ! शाही महल में रहने और पलनेवाले कुत्तों तक की जीवनियाँ देखने में आईं !

बड़ी धूम थी। बड़ा शोर–शराबा था। शंख इंग्लैंड में बज रहा था, गूँज हिन्दुस्तान में आ रही थी।

इन अख़बारों से हिन्दुस्तान में सनसनी फैल रही थी। नई दिल्ली ने अपनी तरफ देखा और बेसाख़ूता मुंह से निकल गया ‡वह आएं हमारे घर, खुदा की रहमत... कभी हम उनको कभी अपने घर को देखते हैं। और देखते–देखते नई दिल्ली का कायापलट होने लगा।

और करिश्मा तो यह था कि किसी ने किसी से नहीं कहा, किसी ने किसी को नहीं देखा– पर सड़कें जवान हो गई, बुढ़ापे की धूल साफ हो गई। इमारतों ने नाज़नीनों की तरह श्रृंगार किया....

लेकिन एक बड़ी मुश्किल पेश थी.... वह थी जार्ज पंचम की नाक ! नई दिल्ली में सब कुछ था, सब कुछ होता जा रहा था, सब कुछ हो जाने की उम्मीद थी, पर पंचम की नाक की बड़ी मुसीबत थी ! दिल्ली में सब कुछ था...सिर्फ नाक नहीं थी।

इस नाक की भी एक लम्बी दास्तान है। इस नाक के लिए बड़े तहलके मचे थे किसी वक्त ! आन्दोलन हुए थे। राजनीतिक पार्टियों ने प्रस्ताव भी दिये थे। गर्मागर्म बहसें भी हुई थीं। अखबारों के पन्ने रंग गए थे। बहस इस बात पर थी कि जार्ज पंचम की नाक रहने दी जाए या हटा दी जाए ! और जैसा कि हर राजनीतिक आन्दोलन में होता है, कुछ पक्ष में थे कुछ विपक्ष में और ज्यादातर लोग खामोश थे । ख़ामोश रहनेवालों की ताकत दोनों तरफ थी...

यह आन्दोलन चल रहा था। जार्ज पंचम की नाक के लिए हथियारबंद पहरेदार तैनात कर दिए गए थे.... क्या मजाल कि कोई उनकी नाक तक पहुँच जाए। हिन्दुस्तान में जगह–जगह ऐसी नाकें खड़ी थीं और जिन तक लोगों के हाथ पहुँच गये उन्हें शानों ‡शौकत के साथ उतारकर अजायबघरों में पहुँचा दिया गया। शाही लाटों की नाकों के लिए गुरिल्ला युद्ध होता रहा।.....

उसी ज़माने में यह हादसा हुआ–इंडिया गेट के सामने वाली जार्ज पंचम की लाट की नाक एकाएक गायब हो गई ! हथियारबंद पहरेदार अपनी जगह तैनात रहे। गश्त लगाते रहे...और लाट चली गई।

रानी आए और नाक न हो ! ...एकाएक यह परेशानी बढ़ी। बढ़ी सरगर्मी शुरू हुई। देश के ख़ैरख़्वाहों की एक मीटिंग बुलाई गई और मसला पेश किया गया कि क्या किया जाए ?'' वहां सभी एकमत से इस बात पर सहमत थे कि अगर यह नाक नहीं है, तो हमारी भी नाक नहीं रह जाएगी....

उच्च स्तर पर मशवरे हुए। दिमाग खरोंचे गए और यह तय किया गया कि हर हालत में इस नाक का होना बहुत जरूरी है। यह तय होते ही एक मूर्तिकार को हुक्म दिया गया कि फौरन दिल्ली में हाजिर हो। मूर्तिकार यों तो कलाकार था, पर ज़रा पैसे से लाचार था। आते ही उसने हुक्कामों के चेहरे देखे ... अजीब परेशानी थी उन चेहरों पर; कुछ लटके हुए थे, कुछ उदास थे और कुछ बदहवास थे। उनकी हालत देखकर लाचार कलाकार की आँखों में आँसू आ गए ....तभी एक आवाज सुनाई दी ''मूर्तिकार ! जार्ज पंचम की नाक लगनी है।''

मूर्तिकार ने सुना और जवाब दिया नाक लग जाएगी पर मुझे पता होना चाहिए कि यह लाट कब और कहां बनी थी ? इस लाट के लिए पत्थर कहाँ से लाया गया था ?''

सब हुक्कामों ने एक –दूसरे की तरफ ताका...एक की नज़र ने दूसरे से कहा कि यह बताना ज़िम्मेदारी तुम्हारी है ! खैर मामला हल हुआ। एक क्लर्क को फोन किया गया और इस बात की पूरी छानबीन करने का काम सुपुर्द कर दिया गया !.... पुरातत्त्व विभाग की फाइलों के पेट चीरे गये, पर कुछ भी पता नहीं चला। क्लर्क ने लौटकर कमेटी के सामने कांपते हुए बयान किया– ''सर ! मेरी खता माफ हो फाइलें सब कुछ हज़म कर चुकी हैं !''

हुक्मरानों के चेहरों पर उदासी के बादल छा गए । एक खास कमेटी बनाई गई और उसके जिम्मे यह काम दे दिया गया कि जैसे भी हो यह काम होना है और इस नाक का दारोमदार आप पर है । आखिर मूर्तिकार को फिर बुलाया गया...उसने मसला हल कर दिया । वह बोला–'पत्थर की किस्म का ठीक पता नहीं चलता, तो परेशान मत होइए...मैं हिन्दुस्तान के हर पहाड़ पर जाऊँगा और ऐसा ही पत्थर खोजकर लाऊँगा !' कमेटी के सदस्यों की जान–में–जान आई । सभापति ने चलते–चलते गर्व से कहा–'ऐसी क्या चीज है जो अपने हिन्दुस्तान में मिलती नहीं । हर चीज़ इस देश के गर्भ में छिपी है...जरूरत खोज लाने की है...खोज करने के लिए मेहनत करनी होगी, इस मेहनत का फल हमें मिलेगा...आने वाला जमाना खुशहाल होगा।'

वह छोटा–सा भाषण फौरन अखबारों में छप गया ।

मूर्तिकार हिन्दुस्तान के पहाड़ी प्रदेशों और पत्थरों की खानों के दौरे पर निकल पड़े। कुछ दिन बाद वह हताश लौटे, उनके चेहरे पर लानत बरस रही थी, उन्होंने सिर लटकाकर खबर दी– 'हिन्दुस्तान का चप्पा–चप्पा खोज डाला, पर इस किस्म का पत्थर कहीं नहीं मिला। यह पत्थर विदेशी है!'

सभापति ने तैश में आकर कहा–'लानत है आपकी अक्ल पर ! विदेशों की सारी चीज हम अपना चुके हैं...दिल–दिमाग, तौर–तरीके और रहन–सहन...जब हिन्दुस्तान में बॉल डांस तक मिल जाता है तो पत्थर क्यों नहीं मिल सकता !'

मूर्तिकार चुप खड़ा था । सहसा उसकी आँखों में चमक आ गई । उसने कहा– 'एक बात मैं कहना चाहूंगा, लेकिन इस शर्त पर कि यह बात अखबारवालों तक न पहुंचे...'

सभापति की आँखों में भी चमक आई । चपरासी को हुक्म हुआ और कमरे के सब दरवाजे बन्द कर दिए गए । तब मूर्तिकार ने कहा– 'देश में अपने नेताओं की मूर्तियाँ भी हैं...अगर इजाजत हो...अगर आप लोग ठीक समझें, तो मेरा मतलब है, तो...जिसकी नाक इस लाट पर ठीक बैठे. उसे उतार लाया जाए...'

सबने सबकी तरफ़ देखा । सबकी आँखों में एक क्षण की बदहवासी के बाद खुशी तैरने लगी । सभापति ने धीमे से कहा– 'लेकिन बड़ी होशियारी से !'

और मूर्तिकार फिर देश–दौरे पर निकल पड़ा । जार्ज पंचम की खोई हुई नाक का नाप उसके पास था । दिल्ली से वह बम्बई पहुंचा...दादाभाई नौरोजी, गोखले, तिलक, शिवाजी, कावस जी जहाँगीर–सबकी नाकें उसने टटोलीं, नापीं और गुजरात की ओर भागा–गांधीजी, सरदार पटेल, विट्ठलभाई पटेल, महादेव देसाई की मूर्तियों को परखा और बंगाल की ओर चला–गुरूदेव रवीन्द्रनाथ, सुमाषचन्द्र बोस, राजा राममोहन राय आदि को भी देखा, नाप–जोख की और बिहार की तरफ चला । बिहार होता हुआ उत्तर प्रदेश की ओर आया...चन्द्रशेखर आजाद, बिस्मिल, मोतीलाल नेहरु, मदमोहन मालवीय की लाटों के पास गया...घबराहट में मद्रास भी पहुंचा, सत्यमूर्ति को भी देखा, और मैसूर, केरल आदि सभी प्रदेशों का दौरा करता हुआ पंजाब पहुंचाज्लाला लाजपतराय और भगतसिंह की लाटों से मी सामना हुआ । आखिर दिल्ली पहुंचा और अपनी मुश्किल बयान की– 'पूरे हिन्दुस्तान की मूर्तियों की परिक्रमा कर आया । सबकी नाकों का नाप लियाज्पर जार्ज पंचमज्की नाक से सब बड़ीजनिकलीं!..'

सुनकर सब हताश हो गए और झुंझलाने लगे । मूर्तिकार ने ढाढ़स बंधाते हुए आगे कहा, 'सुना था कि बिहार सेक्रेटेरियट के सामने सन् ब्यालीस में शहीद होनेवाले तीन बच्चों की मूर्तियाँ स्थापित हैं...शायद बच्चों की नाक ही फिट बैठ जाए, यह सोचकर वहाँ भी पहुंचा पर...इन तीनों की नाकें भी इससे कहीं बड़ी बैठती हैं । अब बताइए, मैं क्या करूँ ?'

...राजधानी में सब तैयारियां थीं । जार्ज पंचम की लाट को मल–मलकर नहलाया गया था । रोगन लगाया गया था। सब कुछ था, सिर्फ नाक नहीं थी !

बात फिर बड़े हुक्मरानों तक पहुंची । बड़ी खलबली मचीज्अगर जार्ज पंचम के नाक न लग पाई, तो फिर रानी का स्वागत करने का मतलब ? यह तो अपनी नाक कटानेवाली बात हुई ।

लेकिन मूर्तिकार पैसे से लाचार था...यानी हार माननेवाला कलाकार नहीं था । एक हैरतअंगेज ख्याल उसके दिमाग में कौंधा और उसने पहली शर्त दुहराई । जिस कमरे में कमेटी बैठी हुई थी, उसके दरवाजे फिर बन्द हुए और मूर्तिकार ने अपनी नई योजना पेश की– 'चूँकि नाक लगना एकदम जरुरी है, इसलिए मेरी राय है कि चालीस करोड़ में से कोई एक जिंदा नाक काटकर लगा दी जाए...'

बात के साथ ही सन्नाटा छा गया । कुछ मिनटों की खामोशी के बाद सभापति ने सबकी ओर देखा । सबको परेशान देखकर मूर्तिकार कुछ अचकचाया और धीरे–से बोला– 'आप लोग क्यों घबराते हैं । यह काम मेरे ऊपर छोड़ दीजिए...नाक चुनना मेरा काम है...आपकी सिर्फ इजाजत चाहिए !'

कानाफूसी हुई और मूर्तिकार को इजाजत दे दी गई ।

अखबारों में सिर्फ इतना छपा कि नाक का मसला हल हो गया है और राजपथ पर इण्डिया गेट के पास वाली जार्ज पंचम की लाट के नाक लग रही है।

नाक लगने से पहले फिर हथियारबंद पहरेदारों की तैनाती हुई । मूर्ति के आस–पास का तालाब सुखाकर साफ किया गया । उसकी खाद निकाली गई । और ताजा पानी डाला गया, ताकि जो जिन्दा नाक लगाई जाने वाली थी वह सूखने न पाए । इस बात की खबर औरों को नहीं थी । यह सब तैयारियां भीतर–भीतर चल रही थीं । रानी के आने का दिन नजदीक आता जा रहा था । मूर्तिकार खुद अपने बताए हल से परेशान था । जिन्दा नाक लाने के लिए उसने कमेटीवालों से कुछ और मदद मांगी । वह उसे दी गई । लेकिन इस हिदायत के साथ कि एक खास दिन हर हालत में नाक लग जाएगी।

और वह दिन आया ।

जार्ज पंचम के नाक लग गई ।

सब अखबारों ने खबरें छापीं कि जार्ज पंचम के जिंदा नाक लगाई गई है...यानी ऐसी नाक जो कतई पत्थर की नहीं लगती ।

लेकिन उस दिन के अखबारों में एक बात गौर करने की थी । उस दिन देश में कहीं भी किसी उद्घाटन की खबर नहीं थी । किसी ने कोई फीता नहीं काटा था । कोई सार्वजनिक सभा नहीं हुई थी । कहीं भी किसी का अभिनंदन नहीं हुआ था, कोई मानपत्र भेंट करने की नौबत नहीं आई थी । किसी हवाई अड्डे या स्टेशन पर स्वागत–समारोह नहीं हुआ था । किसी का ताजा चित्र नहीं छपा था।

सब अखबार खाली थे ।

पता नहीं ऐसा क्यों हुआ था ?

नाक तो सिर्फ एक चाहिए थी और वह भी बुत के लिए।

---

संदर्भ : 30 अक्टूबर, मलिका–ए–ग़ज़ल बेगम अख्तर का स्मृति दिवस

# ऐ मुहब्बत तेरे अंजाम पे रोना आया...

■ ज़ाहिद ख़ान

वे सरापा ग़ज़ल थीं। उन जैसे ग़ज़लसरा न पहले कोई था और न आगे होगा। ग़ज़ल के बिना बेगम अख़्तर अधूरी हैं और बेगम अख़्तर बग़ैर ग़ज़ल। बेगम अख़्तर ने बतलाया कि ग़ज़ल सिर्फ़ पढ़ी ही नहीं जाती, बल्कि इसे संगीत में ढालकर गाया भी जा सकता है। वे बेगम अख़्तर ही थीं, जिन्होंने सबसे पहले कहा, ग़ज़ल भारतीय शास्त्रीय संगीत की परम्परा का हिस्सा है। एक अहम बात और जो उन्हें अज़ीम बनाती है, उस दौर में जब महिलाएं साहित्य, संगीत और कला हर क्षेत्र में कम दिखलाई देती थीं, तब बेगम अख़्तर देश की उन चुनिंदा गायिकाओं सिद्धेश्वरी देवी, गौहरजान कर्नाटकी, गंगूबाई हंगल, अंजनीबाई मालपकर, मोगूबाई कुर्डीकर, रसूलन बाई में से एक थीं, जिन्होंने सार्वजनिक कॉन्सर्ट दिए। और भारतीय समाज को बतलाया कि महिलाएं भी भारतीय शास्त्रीय संगीत, उप–शास्त्रीय संगीत के गायन में किसी से कम नहीं। 1960 के दशक के मध्य में जब एलपीज चलन में आए, तो जो शुरुआती रिकॉर्डिंग आईं, उसमें भी बेगम अख़्तर के ग़ज़लों की रिकॉर्डिंग थीं। वे बड़े बेलौस अंदाज़ में, बिना किसी तनाव के महफ़िलों में खुलकर गाती थीं। हारमोनियम पर उनके हाथ पानी की तरह चलते थे। अख़्तरीबाई फ़ैज़ाबादी बैठकी और खड़ी दोनों ही तरह की महफ़िलों में गायन के लिए पारंगत थीं।

एक दौर था, जब बेगम अख़्तर के अलावा ग़ज़ल गायन के मैदान में दूर–दूर तक कोई नहीं था। उन्होंने ही उप–शास्त्रीय संगीत में ग़ज़ल को सम्मानजनक मुक़ाम तक पहुंचाया। बेगम अख़्तर ज़्यादा पढ़ी–लिखी नहीं थीं। बावजूद इसके उर्दू और फ़ारसी अल्फ़ाज़ों से लबरेज ग़ज़लों के तलफ़्फ़ुज़ को वे बड़े ही सरलता से पकड़ लेती थीं और इस अदायगी से गाती थीं कि सुनने वालों के मुंह से वाह–वाह ही निकलता था।

उर्दू अदब से उन्हें मुहब्बत थी, ख़ास तौर पर बेहतरीन शायरी उनकी कमजोरी थी। जो कलाम उन्हें पसंद आ गया, अपनी बेहतरीन गायकी से उन ग़ज़लों में उन्होंने रूह डाल दी। बेगम अख़्तर ने जिस शायर का कलाम गा दिया, वह ज़िंदा जावेद हो गया। ग़ज़ल के अलावा बेगम अख़्तर ने भारतीय उप शास्त्रीय गायन की सभी विधाओं मसलन ठुमरी, दादरा, कहरवा, ख्याल, चैती, कजरी, बारामासा, सादरा वगैरह में भी उसी महारथ के साथ गाया। वे ठेठ देशी ढंग से ठुमरी गाती थीं। उनकी ठुमरी में कभी–कभी बनारस के लोक गीतों की शैली का असर भी दिखलाई देता था।

बेगम अख़्तर ने ठुमरी, दादरा और ग़ज़ल को शास्त्रीय संगीत के बराबर लाकर खड़ा किया और बड़े–बड़े दिग्गज उस्तादों से अपनी गायकी का लोहा मनवाया।

'उल्टी हो गईं सब तदबीरें', 'दिल की बात कही नहीं जाती (मीर तक़ी मीर), 'वो जो हम में तुम में क़रार था, तुम्हें याद...' (मोमिन ख़ान 'मोमिन'), 'ज़िक्र उस परीवश का और फ़िर....', 'वो न थी हमारी किस्मत..' (मिर्ज़ा ग़ालिब), 'ए मुहब्बत तेरे अंजाम पे रोना आया', 'मेरे हमनफ़स, मेरे हमनवा..' (शकील बदायुनी), 'दीवाना बन जाना..' (ख़ुमार बाराबंकवी), 'आये कुछ अब्र कुछ शराब आए...' (फ़ैज़ अहमद फ़ैज़), 'कोई ये कह दे गुलशन–गुलशन, लाख बलाएं...(जिगर मुरादाबादी), 'इतना तो ज़िंदगी में किसी की ख़लल पड़े..' (कैफ़ी आज़मी), 'कुछ तो दुनिया की इनायत ने दिल तोड़ दिया' (सुदर्शन फ़ाकिर), 'दीवाना बनाना है, तो दीवाना बना दे..' (बहजाद लख़नवी), 'सख़्त है इश्क़ की रहगुज़र..' (शमीम जयपुरी), 'अब छलकते हुए सागर नहीं देखे जाते' (अली अहमद जलीली) बेगम अख़्तर द्वारा गायी, वे ग़ज़लें हैं, जो उन्हीं के नाम और गायन से जानी जाती हैं। जिसमें भी उनकी ये ग़ज़ल 'ए मुहब्बत तेरे अंजाम पे रोना आया', उस ज़माने में नेशनल ऐन्थम की तरह मशहूर हुई। वे जहां जातीं, सामयीन उनसे इस ग़ज़ल की फ़रमाइश ज़रूर करते।

बेगम अख़्तर की आवाज़ में पुरबिया, अवधी और भोजपुरी बोलियों की मिठास थी। उन्होंने ग़ज़ल के अलावा लोक संगीत को भी अपनी आवाज़ दी। मिसाल के तौर पर उनकी कुछ उप शास्त्रीय बंदिशें जो उस समय ख़ूब मशहूर हुईं, वे इस तरह से हैं– 'हमरी अटरिया पे आओ संवरिया..', 'कोयलिया मत कर पुकार करेजवा लागे..', 'छा रही काली घटा जिया मेरा लहराये', 'पपीहा धीरे–धीरे बोल', %हमार कही मानो हो राजा जी', 'कौन तरह से तुम खेलत होरी', 'जब से श्याम सिधारे..'। बेगम अख़्तर ज़्यादातर ख़ुद ही अपनी ग़ज़लों और तमाम उप शास्त्रीय गायन की धुन तैयार करती थीं। यही नहीं गायन में वे कहन को ज़रूरी मानती थीं। उनका मानना था, जो भी गाओ खुलकर गाओ। बेगम अख़्तर की शख़्सियत और गायन में ग़ज़ब का जादू था। लाखों लोग उन पर फ़िदा थे और आज भी बेगम अख़्तर के गायन के जानिब उनकी चाहतें कम नहीं हुई हैं।



---

–समीक्षा –

# तीन युवा कवियों की पदचाप : त्रिपथ

■ राज बोहरे

बोधि प्रकाशन जयपुर से %त्रिपथ% के नाम से तीन कवियों का कविता संकलन पिछले दिनों प्रकाशित हुआ है, जिसका संपादन और कविता चयन ब्रज श्रीवास्तव ने किया है, संपादक का कौशल सँग्रह में झांकता है। इस त्रिपथ (तीन पथ) के नाम से ख्यात संग्रह में तीन युवा कवि आनंद सौरभ उपाध्याय की 30, पद्मनाभ की 31 और मिथिलेश राय की 30 कविताएं सम्मिलित हैं । संग्रह में तीन खंड हैं, प्रत्येक खंड में कवि का आत्मकथ्य व प्रत्येक कवि पर संपादक की टिप्पणी भी लिखी गई है।

> शायद वो समझ गया है कि/ वह अब अकेला ठूंठ सा ही रहने वाला है / किसी अनचाहे बुजुर्ग की तरह/ और गांव तो अब केवल एक जगह बन गया है /अपने यौवन की यादों को समेटे हुए/ जर्जर बुढ़ापे में सांस लेते हुए/ अपनी मृत्यु की प्रतीक्षा में/ जिसकी किसी को खबर तक नहीं

पहला खंड आनंद सौरभ उपाध्याय पर केंद्रित है। कवि खुद के बारे में लिखते हैं %आसपास की समस्याएं जिंदगी के रंग समाज में व्याप्त अंधविश्वास, भौतिकवादी दौड़, राजनीतिक उथल–पुथल मेरी कविताओं के लिए प्रेरक स्थिति पैदा करती हैं।% ब्रज श्रीवास्तव ने आनंद सौरभ के बारे में लिखा है, %वह वस्तु तथा राजनीतिक और सामाजिक चिताओं के संभावनाशील कवि हैं ।%कविता के बारे में आनंद की दो कविताएं हैं –कवि के हाथ की चाय और समीक्षक ।

विचार और दर्शन प्रधान कविताओं के शीर्षक हैं, दुख ही जन्मा, तेरी मिट्टी, धारणा, मौन, बुराई, फ़िक्र, सच का संघर्ष, धुंधली याद, इंतजार, और मर्यादाहीन । मन में धीमे से प्रवेश पाती बुराई के बारे में कविता %बुराई% का अंश दृष्टव्य है–आखिर/आकर बैठ गई/अंतर्मन में/कोई लगाव नहीं/कोई चाह नहीं/फिर भी/बचते बचाते/आ ही जाती/बुराई/और मैं/बुरा हो जाता...

%घटिया निर्माण% कविता देखिए–हिस्सों में सबका ख्याल/उछलकर शराफत की पगड़ी/वो रचते हैँ झूठ का संसार/और बनाते हैं हर बार/बूंद–बूंद टपकती छतें/छत के गिरने तक !

आनंद सौरभ को कभी–कभी धार्मिक पाखंड और धार्मिक विद्वेष से क्षोभ होता है । कवि अपना ईश्वर %दुख से उपजा ईश्वर % बताते हैं। धर्म से जुड़े हुए उनके विचार रचनागत रूप में पाठकों के सामने कविता के रूप में अमूमन आते हैं और उनकी इस तरह की कविताएं धर्मांधता, मेरे ईश्वर का जन्म, हमको देखने को मिलती है,एक अंश देखिए–ईश्वर का जन्म तो/मेरे दुखों के बाद हुआ/विषम परिस्थिति में पुस्तकों के प्रति कवि को बहुत प्रेम है, वे कहते हैं कि किताबें अपना काम करना बंद नही करतीं,जबकि मनुष्य उनकी बेकदरी करता है। उन्होंने किताबें 1 व 2 शीर्षक से कविताएं लिखी हैं! एक अंश देखिए– एक तुम हो कि/घर की साफ सफाई में/निकालते रहे उन किताबों को ही/जिन्हें पढ़कर सभ्य/हुए तुम/इतने सभ्य?/कि थोड़े लालच में रद्दी के भाव/बेच दिया/उन्हें।

संकलन के संपादक ब्रज श्रीवास्तव ने पद्मनाभ के बारे में लिखा है %प्रेम, स्त्री और सत्ता इस कविता के केंद्रीय पद कहे जा सकते हैं।%

पद्मनाभ के भी कुछ अपने प्रिय विषय हैं, उनके अपने कुछ अनूठे विचार हैं । व्यवस्था के विरोध में वे चुप नहीं रहते , अपनी कविता के मार्फ़त, अपने रोष और असंतुष्टि को प्रकट करते हैं । %यह दौर तुम्हारे साथ हूं% का अंश देखिए–अगर तुम गाय हो/तो मुद्दा बना देंगे/अगर तुम बैल हो/तो तुम्हारा कुछ नहीं हो सकता/अगर तुम शेर हो/तो पिंजरा तैयार है/अगर तुम गूँगे हो/तो ये अच्छी बात है/यह दौर तुम्हारे साथ है।

अपने दार्शनिक विचारों को अनूठे ढंग से प्रकट करने वाले पद्मनाभ की कविताओं में एक तंज, एक रोष और क्षोभ दिखाई देता है। मृत्यु% कविता का अंश देखिए–जहां है कोई मुझसे चाहता है/मेरा शरीर एवं मुझसे जुड़े लाभ/पर वह स्वीकार करती/मुझे निश्शरीर/समेटती मुझे राख से/चाहती केवल मेरी आत्मा/उसकी यही आत्मीयता मुझे प्रिय है!

राजनीति भी पद्मनाभ के निशाने से हटी नहीं है, जब उन्हें राजनैतिक विचार और सत्ताधीश की कार्यवाहियों से क्षोभ होता है, तो वह आग उगलती कविता लिखते हैं। सत्तानामा का अंश देखिए–आगे उसने भी भरोसा नहीं किया/किसी पर, सिवाय खुद के/न ही खुद/भरोसेमंद बना

**पुस्तक त्रिपथ ( कविता संकलन) प्रकाशक– बोधि प्रकाशन कवि–आनंद सौरभ उपाध्याय, पद्मनाभ पाराशर, मिथिलेश राय मूल्य 150 पृष्ठ 128**

किसी के लिए/इसी अ भरोसे के भरोसे /वह एक/ताक़तवर राजा बना रहा!

अपनी प्राचीन परंपरा से मोह रखते हुए कवि ने बड़ी सशक्त कविता %बूढ़ा गांव % कविता लिखी है , इसका अंश देखिए–

मेरा गांव /जब भी अपने गांव से लौट कर आता हूं /स्मृतियों य और विस्मृतियों से भर जाता हूं/ कितना जवान था वो

शायद वो समझ गया है कि/ वह अब अकेला ठूंठ सा ही रहने वाला है / किसी अनचाहे बुजुर्ग की तरह/ और गांव तो अब केवल एक जगह बन गया है /अपने यौवन की यादों को समेटे हुए/ जर्जर बुढ़ापे में सांस लेते हुए/ अपनी मृत्यु की प्रतीक्षा में/ जिसकी किसी को खबर तक नहीं होगी/

पर्यावरण से जुड़ी कविताओं में पेड़ का विश्वासघात (पृष्ठ 78) भी उल्लेखनीय है। क्लासिक ग्रंथ या शास्त्रीय पुस्तक से अनुराग प्रकट करती और उसके प्रति निष्ठा बताती कविता काश मुझे पढ़ लिया होता(59) उन्होंने लिखी है, तो स्त्री की संवेदना उसके दुख दर्द और अनुभूतियों को प्रकट करती उनकी कविता देह(60) स्त्रियों ने रची है सभ्यता यह (पृष्ठ 82) पठनीय है। कविता के बारे में कवि बहुत गम्भीर हैं, इस विषय मे %नहीं लिखी कोई कविता%(58) जैसी कविता में वे कविता और उसके सृजन के बारे में लिखते हैं, – कई दिनों से नहीं लिखी कोई कविता/ ऐसा नहीं है कि मेरी लेखनी की आग बुझ गई है/ या कि मेरे विषय चुक चुके हैं/ अथवा मेरी संवेदना समाप्ति की ओर है

इस संग्रह के तीसरे खंड के कवि हैं मिथिलेश राय, उन्होंने आत्मकथ्य में लिखा है %मैं भूख, गरीबी, शोषण, अत्याचार ,जाति, नस्ल भेद पर कविता लिखते हुए प्रेम और सुंदरी को परे हटाकर नहीं देखता, क्योंकि दोनों ही जीवन के जरुरी हिस्से हैं। मिथिलेश की कविताओं में के बारे में संपादक ब्रज श्रीवास्तव ने लिखा है %मिथिलेश की कविता में विषयों और अनुभवों की विविधता है, इसलिए उनके पास कविता के भरे पूरे संसार का एक प्रतिदर्श है।

मिथिलेश के सरोकार समाज के सब पक्षों से हैं, सारे संसार से हैं। गांव और पुरानी परंपरा के बारे में जब कविता लिखते हैं, तो अपनी आत्मीयता उड़ेलज्ञ देते हैं. कविता किताब में वे किताब को सम्बोधित हो कर कहते हैँ–
तुम्हीं ने सिखाया हर मुश्किल /समय की बारहखड़ी पढ़ना/
और कसकर थामें रहना धैर्य की डोर/
सिखाया तुम्हीं ने खूब और उदासी के बीच सुनना
आहट उम्मीद की
तुम ही से सीखा बार–बार
उठना गिरकर
जीवन जीना भी सिखाया
तुम्हीं ने ओ मेरी किताब

धर्म व ईश्वरीय सत्ता पर उनकी कविता ईश्वर पठनीय है

उठो /ए ईश्वर /तुम कब तक लड़ते रहोगे /अपनी ही धर्म ध्वजा के खातिर (ईश्वर 1)

सभी ने रखा केवल अपने ही/ अनुयायियों का ख्याल/ उन्हें ही किया उपकृत /केवल उन्हीं के सुख–दुख का/ लिया जिम्मा/

हर ईश्वर के अनुयाई /भरते रहे आपस में /अपने ईश्वर के लिए वे बने रहे/ एक दूसरे की जान के दुश्मन!

नासमझ कविता का यह अंश देखिए– कौए ने /कोयल से जने/ उन चूजों को भी/ अपने चूजों के/ समान ही पाला–पोसा/ दुलारा अपना ही/ समझकर/ कौए से बड़ा नासमझ/ तो देखा ही नहीं कहीं/ आज तक/ फिर भी/ कभी–कभी सोचता हूं/ दुनिया रहने तक/ बना रहे प्रेम/ इसके लिए उतना बुरा तो नहीं है/ कौए की तरह/ बेवकूफ बने रहना!

समाज के अंतिम व्यक्ति के बारे में उनकी कविता बारिश में कसक एक विशिष्ट प्रकार के भाव से भर देती है, तो काव्य करने के बारे में मोची का छाता की कविता उनको समकालीन कवियों से कुछ ऊंचा खड़ा कर देती है – मोची का छाता/ एक/ भरोसे जैसा है /जैसा भी है उसका है /काम करने की सहूलियत देता हुआ/ कविता, जैसी भी है मेरी है/ इंसान की तरह जीने में मदद करती हुई!

इस संकलन में शामिल तीनों कवि अभी उदीयमान कवि हैं, उन्होंने अभी कुछ वर्षों से लिखना शुरू किया है, उन सबके कविता के मुहावरे विकसित होने के दौर में हैं। उन्हें यश मिलेगा लेकिन तब जब वे खुद की शैली को एक पहचान देंगे। निश्चित ही तीनों की कविता सहित विचार और शैली की हिंदी साहित्य में पहचान कायम होगी, यानि तब बिना नाम पढ़े भी उनकी कविता को देख पाठक को उनका नाम याद आएगा। वह पहचान कर सकेगा कि यह आनंद सौरभ की या पद्मनाभ या मिथिलेश राय की है । तीनों कवियों ने प्रचलित विषयों से हटकर कविताएं लिखी हैं और हरेक ने कुछ विशिष्ट अनुभूतियां और विषयों पर कविताएं रची हैं यह एक उल्लेखनीय बात है । अभी तक कविता के दायरे से बाहर रहे भाव, विषयों पर कविता लिखना ऐसे युवा रचनाकारों की नई दृष्टि और विशिष्ट रचना धर्मिता कहीं जा सकती है । सामान्य बोलचाल की भाषा में अपनी काव्य परंपरा को ग्रहण कर यह तीनों कवि अपने रचना कर्म की पहली झलकी से एक संकलन के रूप में पाठकों को आत्म परिचय प्रदान करते हैं और पाठक इन्हें पढ़कर उत्साह के भाव से भर जाता है, तीनों के प्रति सराहना का भाव प्रकट होता है। निश्चित ही तीनों कवि आगे जाकर अपना महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त करेंगे। यह संकलन ब्रज श्रीवास्तव की दूरदर्शिता और एक सुविचारित नीति का पहला पुष्प है, यह संकलन उनके संपादकीय हुनर के लिए भी पाठक को आश्वस्त करता है ।

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने दिए निर्देश

# मतदान के दिन निर्बाध रहे बिजली आपूर्ति



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने आज निर्वाचन सदन भोपाल में मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 की तैयारियों के संबंध में विभिन्न विभागों के साथ बैठक में समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। श्री राजन ने ऊर्जा विभाग के अधिकारियों से कहा कि प्रदेश में 17 नवंबर को मतदान होना है, ऐसे में सभी 64 हजार 523 मतदान केंद्रों पर बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामीण विकास विभाग मतदान केंद्रों पर शुद्ध पेयजल, रैंप, व्हीलचेयर, बैठक व्यवस्था और मतदान केंद्रों तक आवागमन के लिए सुगम सड़क की व्यवस्था करें। निर्वाचन संबंधी कार्यो के लिए नोडल अधिकारी की नियुक्ति कर जानकारी शीघ्र भेजें।

**मतदान केंद्रों पर पानी, रैंप, व्हीलचेयर और बैठक व्यवस्था की रहे सुचारू उपलब्धता**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने निर्देशित किया कि पुलिस विभाग सीमावर्ती राज्य के अधिकारियों के साथ बैठक करें। निर्वाचन के लिए पुलिस डिप्लायमेंट प्लान तैयार कर जानकारी उपलब्ध कराएं। मतदान एवं मतगणना दिवस पर शराब की बिक्री पर रोक के आदेश जारी किए जाए। मतदान के दिन प्रदेश के समस्त संस्थानों में कार्यरत मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सके, इसके लिए अवकाश की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मतदान के दिन मतदान कर्मियों के स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए जिला अस्पताल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं निजी अस्पतालों में भी व्यवस्था की जाए।

श्री राजन ने कहा कि सभी विभाग निर्वाचन कार्यालय से प्रेषित की जाने वाली शिकायतों का 24 घंटे में निराकरण कर उसकी जानकारी उपलब्ध कराएं। कानून व्यवस्था की दैनिक रिपोर्ट एवं निर्वाचन आयोग द्वारा चाही गई जानकारी को समय-सीमा में भिजवाना सुनिश्चित करें। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग निर्वाचन की अधिसूचना से निर्वाचन की समाप्ति तक प्रदेश में पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति बनाए रखने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजेश कुमार कौल, पुलिस महानिरीक्षक, कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा मध्यप्रदेश तथा राज्य पुलिस नोडल अधिकारी अनुराग, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राकेश सिंह, श्रीमती रुचिका चौहान, मनोज खत्री, बसंत कुर्रे, सामान्य प्रशासन, उच्च शिक्षा, वाणिज्यिक कर, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, ऊर्जा, गृह, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, राजस्व, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, विधि एवं विधायी कार्य, स्कूल शिक्षा, श्रम, लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### भाजपा ने जारी की स्टार प्रचारकों की सूची

## मोदी, शाह, नड्डा और शिवराज शामिल, उमा का नाम नहीं

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने स्टार प्रचारकों की सूची जारी की। 40 स्टार प्रचारकों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, नरेन्द्र सिंह तोमर, ज्योतिरादित्य सिंधिया, भूपेन्द्र यादव के अलावा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा, विष्णुदत्त शर्मा, कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल, फग्गन सिंह कुलस्ते, अर्जुन मुंडा, पीयूष गोयल शामिल हैं।

**भार्गव, पवैया, गुप्ता को भी स्टार प्रचारक बनाया**

लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती का नाम इस सूची में नहीं है। वहीं राज्य सरकार के वरिष्ठ मंत्री गोपाल भार्गव, नरोत्तम मिश्रा, राजेंद्र शुक्ल, पूर्व मंत्री जयभान सिंह पवैया और भोपाल दक्षिण से टिकट न मिलने से नाराज उमाशंकर गुप्ता को भी स्टार प्रचारक बनाया गया है।

स्टार प्रचारकों की सूची में अश्विनी वैष्णव, वीरेंद्र कुमार खटीक, अनुराग ठाकुर, देवेंद्र फडनवीस, केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, एपी सिंह बघेल, कृष्णपाल सिंह गुर्जर, मनोज तिवारी, हितानंद, लालसिंह आर्य, कविता पाटीदार, गणेश सिंह, गौरीशंकर बिसेन और रामलाल रौतेल का नाम भी शामिल हैं।

### कांग्रेस प्रवक्ता ने सरकार को घेरा, कहा-

# प्रदेश में कुपोषण और बाल अपराध बढ़े



**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. रागिनी नायक ने बाल अत्याचारों और कुपोषण को लेकर भाजपा सरकार को घेरा है। उन्होंने समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों का हवाला देते हुए कहा कि राज्य में बाल अपराध और कुपोषण बढ़े हैं। 1 महीने के भीतर भोपाल से 47 नाबालिग बच्चियां अगवा कर ली गईं। इन बच्चियों को 40 हजार से 2 लाख तक में बेचा जाता है।

डॉ. रागिनी ने आज मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि अभी कुछ दिन पहले नीमच-मंदसौर में भी नाबालिग बच्चियों के देह व्यापार का बड़ा भांडा फोड़ हुआ था। उन्होंने शिवराज सिंह सरकार की अनदेखी नहीं, कहीं न कहीं संलिप्तता और संरक्षण के कारण आज मध्यप्रदेश में मानव तस्करी के साथ मानव अंग तस्करी भी चरम पर है। उन्होंने एक प्रमुख अखबर के हवाले से कहा कि कितनी आसानी से अपराधी चूना भट्टी, न्यू मार्केट, 10 नम्बर मार्केट में वारदात को अंजाम देने के लिए रेकी कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस गिरोह ने मध्यप्रदेश को अपराध का केन्द्र बनाया और देश भर में बच्चियां सप्लाई करते थे। बच्चों की प्रताड़ना के वीडियो तक पाए गए हैं। नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों के हवाले से डॉ. रागिनी ने भाजपा सरकार की तुलना जंगलराज से की। उन्होंने कहा कि एनसीआरबी के आंकड़े देखें तो बच्चों के खिलाफ़ अपराध में भाजपा सरकार के कार्यकाल में 337 प्रतिशत का उछाल आया है। 2011 में जहां 4,383 बच्चों के खिलाफ़ अपराध के मामले मध्यप्रदेश में दर्ज हुए, वो 2021 में बढ़कर 19,173 हो गए। 2021 में यौन शोषण, अपहरण, हत्या जैसे 52 जघन्य अपराध बच्चों पर रोज हुए हैं।

डॉ रागिनी ने कहा कि 2009-2015 के बीच मध्यप्रदेश में 1 करोड़ 10 लाख बच्चे कुपोषित पाए गए। श्योपुर जिले में 116 बच्चों की कुपोषण से मौत हुई। उन्होंने अर्चना चिटनिस के विधानसभा में दिए गए जवाब का हवाला लेकर बताया कि जनवरी 2016 से 2018 तक करीब 57,000 बच्चों ने कुपोषण से दम तोड़ा। नेता विपक्ष गोविंद सिंह द्वारा विधानसभा में पूछे गए सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने खुद बताया कि इसी साल जनवरी से मार्च तक मध्यप्रदेश में 78 हजार बच्चे कुपोषित पाए गए। कांग्रेस प्रवक्ता रागिनी ने पोषण आहार योजना में 110 करोड़ रुपये के घोटाले पर भी सवाल उठाए।

### विंध्य जनता पार्टी ने 25 प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की



**भोपाल, देशबन्धु।** नवगठित विंध्य जनता पार्टी प्रदेश की 40 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। मैहर से विधायक नारायण त्रिपाठी की अगुवाई में पार्टी ने आज 25 सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा भी की। श्री त्रिपाठी ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि उनकी पार्टी अलग विंध्य प्रदेश के लिए संघर्ष करेगी। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी छोटे राज्यों के पक्षधर थे। प्रधानमंत्री रहते उन्होंने छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, तेलंगाना जैसे नए राज्यों का निर्माण किया। लेकिन जब मैंने भाजपा विधायक रहते हुए पृथक विंध्य प्रदेश की मांग उठाई तो मुझे बगावती ठहराया गया। उन्होंने कहा कि छोटे राज्यों का विकास आसान होता है। इसलिए वे विंध्य प्रदेश के लिए अपने संघर्ष को जारी रखेंगे। श्री त्रिपाठी ने बताया कि पार्टी राज्य की 40 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि वे विंध्य प्रदेश के निर्माण के लिए जनता को जोड़ेंगे। श्री त्रिपाठी ने उम्मीद जताई कि अलग राज्य का सपना साकार होगा।

#### इन सीटों पर घोषित किए प्रत्याशी

रैगांव (अजा) श्रीमती आरती शर्मा, सतना हरिओम गुप्ता, मैहर नारायण त्रिपाठी, अमरपाटन श्रीमती शशि सत्येन्द्र शर्मा, सेमरिया हासिफ मोहम्मद अली, त्यौथर कमांडो अरूण गौतम, देवतालाब कुंजबिहारी तिवारी, गुढ शिवमोहन शर्मा, चुरहट अरूण द्विवेदी, सीधी बाल्मिकी तिवारी, सिंहावल आशीष मिश्रा, चितरंगी (अजजा) रामकृष्ण कोल, सिंगरौली कुंदन पांडेय, ब्यौहारी (अजजा) लेखन सिंह, जयसिंह नगर (अजजा) श्रीमती फूलमती सिंह, जैतपुर (अजजा) हीरालाल पनिका, अनूपपुर (अजजा) प्यारेलाल पनिका, पुष्पराजगढ (अजजा) अमृतलाल सोनवानी, बॉधवगढ़ (अजजा) धूप सिंह, मानपुर (अजजा) राजकुमार बैगा, शहपुरा (अजजा) मदन सिंह परस्ते, डिंडौरी (अजजा) सितार मरकाम, भोपाल दक्षिण पश्चिम मनीष पाण्डेय, अम्बेडकर नगर (महू) बैद्यनाथ मिश्रा, बड़ामलहरा दिनेश यादव।

### भाजपा विधायक ने बताया कांग्रेस को चुनावी हिंदू, बोले-

# चुनाव देखकर करवट बदल रहे कांग्रेस नेता

**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा प्रत्याशी विधायक रामेश्वर शर्मा ने कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सिर्फ मौका परस्त है, वह जिसका पलड़ा भारी हो, उसी के साथ हो जाती है। विधायक शर्मा ने कमलनाथ को चुनावी हिंदू हुए कहा कि कांग्रेस नेता चुनाव देखकर करवट बदल रहे हैं।

भाजपा नेता रामेश्वर शर्मा पत्रकारों से चर्चा करते हुए सवाल उठाया कि राम जन्मभूमि के बारे में बयानबाजी करने वाले कमलनाथ क्या कभी रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या गए हैं? क्या सोनिया जी रामलला के दर्शन के लिए गई हैं, राहुल गांधी या उनके परिवार का कोई भी सदस्य क्या रामलला के दर्शन के लिए गया है? लेकिन अब जब रामलला का भव्य मंदिर अयोध्या में बनने लगा है, देश का हिंदू जागने लगा है तो कांग्रेस को यह लगने लगा है कि राम के बिना काम नहीं होगा।

श्री शर्मा ने कांग्रेस नेताओं पर तंज कसते हुए कहा कि चुनाव नजदीक देखकर चुनावी हिंदुओं ने भी करवट बदल ली है और अब वो भी कहने लगे हैं कि राम मंदिर तो राष्ट्रीय आस्था का प्रश्न है। उन्होंने कहा कि मैं इन चुनावी हिंदुओं से पूछना चाहता हूं कि अगर यह राष्ट्रीय आस्था का प्रश्न था, तो पहले क्यों नहीं राम मंदिर बनवा दिया? विधायक श्री शर्मा ने कहा कि सनातन पर आस्था, भरोसा रखने वाला हर व्यक्ति कांग्रेस को जानता है। उसे पता है कि कांग्रेस न तो कभी हिंदुस्तान की हो सकती है, न उन्होंने कहा कि हिंदू उनकी इन बातों में आने वाला नहीं है, सनातनी यह बात अच्छे से जानता है कि कांग्रेस उनके प्रति ईमानदार नहीं है, कांग्रेस न राम की हो सकती है और न हिंदुस्तान की। कभी राम की। वह कृष्ण, महावीर, गौतम बुद्ध, नानक की भी नहीं हो सकती।



## शौर्य स्मारक में आज होगा अमृत कलशों का प्रदर्शन

**भोपाल, देशबन्धु।** केंद्र सरकार की ओर से विगत 15 अगस्त से शुरू हुआ मेरी माटी, मेरा देश अभियान अब संपूर्णता की ओर है। इसका समापन 31 अक्टूबर को नई दिल्ली में समारोह पूर्वक होगा। इसके लिए मध्य प्रदेश में निर्मित 726 अमृत कलश लेकर लगभग तीन हजार लोग शनिवार 28 अक्टूबर को विशेष ट्रेन से दिल्ली रवाना होंगे। इससे पूर्व शनिवार को ही भोपाल जिले में निर्मित माटी कलशों का प्रदर्शन शौर्य स्मारक में किया जाएगा। कार्यक्रम में सेना, पुलिस के प्रतिनिधि, स्कूल और कालेजों के छात्रों के अलावा एनएसएस, एनवायके और एनसीसी के युवाओं की भागीदारी होगी। इसमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और उनके परिवार के सदस्य भी भाग लेंगे।

### बीएसएसएस कॉलेज के विद्यार्थियों ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**भोपाल, देशबन्धु।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मतदाता जागरुकता अभियान के लिए बीएसएसएस महाविद्यालय प्रांगण मे फेस पेंटिंग एवं रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। तत्पश्चात मतदाता जागरूकता के लिए छात्रों द्वारा लूडो एवं सांप सीढ़ी जैसे खेल भी खेले गए। छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।

विधानसभा निर्वाचन के अंतर्गत जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप प्लान के अंतर्गत विभिन्न संस्थाओं द्वारा विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित फेस पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अनिल शर्मा भुसाल और मानसी श्रीवास्तव, द्वितीय स्थान पर विनीत रिंगे एवं यशवर्धन एवं तृतीय स्थान पर साक्षी, अनुष्का एवं शैलेंद्र रहे। वहीं रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अंकिता राठौर, द्वितीय स्थान पर ईशा राठौर एवं तृतीय स्थान पर स्नेहा रघुवंशी रही। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. डीबी. सिंह पुरूष इकाई एवं डॉ. नैना सिंह महिला इकाई एवं कैंपस एंबेसेडर अमन वर्मा, सुश्री आयशा सिंह एवं सभी वरिष्ठ राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यकर्ता के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।

मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए वल्लभ भवन मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने हस्ताक्षर कर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया।


**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे विवाह पूर्व मेरा नाम लक्ष्मी अहिरवाल पुत्री स्व. श्री नन्दलाल अहिरवाल था जो मकरोनिया, सागर के स्थाई निवासी थे। विवाह उपरांत मेरा नाम दिनांक 06/12/2021 से श्रीमति लक्ष्मी अमित अरवार हो गया है। शपथ पत्र क्रमांक AY 444977 द्वारा परिवर्तित कर दिया गया है।

अतः अब से मुझे श्रीमति लक्ष्मी अमित अरवार पत्नी श्री अमित अरवार के नाम से जाना, पहचाना जावे।

सूचनादाता

श्रीमति लक्ष्मी अमित अरवार पत्नी श्री अमित अरवार, मकरोनिया, सागर (म.प्र.)


### मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 के संदर्भ में

# निष्पक्ष चुनाव के लिए जरूरी है आदर्श आचरण संहिता



भारतीय प्रजातंत्र की सफलता में निष्पक्ष एवं स्वतंत्र चुनाव महत्वपूर्ण भूमिका रखते हैं। निर्वाचन प्रक्रिया को सुगमता से सम्पन्न करवाने में जहाँ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 का उपयोग होता है। वहीं भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देश भी है, जिनका पालन सभी को करना होता है। कुछ मार्गदर्शी सिद्धांत भी निर्वाचन प्रक्रिया को अहम बनाते हैं। इसी के अनुरूप चुनाव आयोग राजनैतिक दलों और अभ्यार्थियों के मार्गदर्शन के लिए आदर्श आचरण संहिता का प्रकाशन प्रत्येक आम चुनाव के लिए करता आया है।

आदर्श आचरण संहिता के पहले बिंदु में राजनैतिक दलों और अभ्यर्थियों से साधारण आचरण की अपेक्षा की गई है। उन्हें ऐसा कोई कार्य नहीं करना चाहिए जो जातियों, समुदायों के बीच मतभेदों को बढ़ाये, घृणा की भावना अथवा तनाव पैदा करें, अन्य दलों की आलोचना करते समय उनकी नीतियों, कार्यक्रम, पूर्व रिकॉर्ड और कार्य तक ही सीमित रखा जाए। व्यक्तिगत आलोचना और जातीय या साम्प्रदायिक संदर्भों से बचना चाहिए। वोट लेने के लिए जातीय या साम्प्रदायिक भावनाओं की दुहाई नहीं की जानी चाहिए। धार्मिक स्थलों का उपयोग प्रचार में नहीं किया जा सकता। मतदाताओं को रिश्वत देना, डराना-धमकाना, मतदान केन्द्र के 100 मीटर के भीतर मत याचना, वोटिंग समाप्ति के नियत समय को खत्म होने वाली 48 घंटे की अवधि के दौरान सभाएँ करना तथा वोटर को वाहन से मतदान केन्द्र तक ले जाना भ्रष्ट आचरण और अपराध की श्रेणी में आता है। अन्य अभ्यर्थी की निजी जिन्दगी में दखल देने, बिना अनुमति के निजी सम्पत्ति पर झण्डा, पोस्टर, बैनर लगाने तथा विरोधी दलों की सभाओं में बाधा पहुँचाने से दलों / उम्मीदवारों को बचना चाहिए।

सभाओं के आयोजन के संबंध में भी स्पष्ट निर्देश है कि प्रस्तावित सभा स्थल और समय के बारे में स्थानीय अधिकारियों को उपयुक्त समय पर सूचित किया जाए। पहले ही सुनिश्चित किया जाए कि प्रस्तावित सभा स्थल पर प्रतिबंधात्मक आदेश लागू नहीं है। बिना अनुमति के लाउड स्पीकर या अन्य किसी सुविधा का उपयोग न करने तथा सभा में व्यवधान डालने वालों से निपटने के लिए पुलिस से सहयोग लेने की अपेक्षा की गई है। जुलूस निकालने के संबंध में भी आदर्श आचरण अपनाने की बात का उल्लेख है। पहले ही तय करना होगा कि जुलूस किस समय और किस स्थान से शुरू होगा। उसका मार्ग क्या होगा तथा किस स्थान पर समाप्त होगा। इसमें कोई फेरबदल नहीं होना चाहिए। इसकी सूचना भी स्थानीय पुलिस को दी जानी चाहिए। जुलूस मार्ग की पहले से अनुमति हो और जहाँ निषेधात्मक आदेश लागू हो, वहाँ से नहीं निकाला जाए तथा यातायात में कोई बाधा उत्पन्न न हो व्यवस्था ऐसी की जाए कि सड़क पर जब जुलूस निकले तो आधी सड़क खाली रहे। दो जुलूस के एक ही सड़क से निकलने की स्थिति में उन्हें अलग-अलग समय दिया जाएगा ताकि उनमें टकराव न हो। जुलूस में ऐसी वस्तुओं को लेकर चलने में प्रतिबंध रहे, जिनका अवांछनीय तत्वों द्वारा विशेष रूप से उत्तेजना के दौरान हिंसा के प्रयोजन से दुरुपयोग किया जा सके। राजनैतिक दलों, नेताओं के पुतले लेकर चलने तथा उसको जलाने से परहेज करना चाहिए।

राजनैतिक दलों और उम्मीदवारों से शांतिपूर्वक मतदान करवाने की अपेक्षा की गई है, ताकि मतदाता बिना किसी परेशानी या बाधा के वोट डाल सके। दलों/ उम्मीदवारों को अपने अधिकृत कार्यकर्ताओं को पहचान पत्र या बिल्ले दिये जाएँ। मतदाताओं को सफेद कागज पर जो पहचान पर्ची दी जाएँ, उस पर कोई प्रतीक, दल या उम्मीदवार का नाम नहीं होना चाहिए। मतदान के दिन या उसके पहले के 48 घंटे के दौरान शराब का वितरण आदि न हो। मतदान केन्द्रों के समीप लगे कैम्प में अनावश्यक भीड़ न होने दें। ये भी सुनिश्चित हो कि जो कैम्प लगे, वे साधारण हो, उन पर पोस्टर, झण्डे, प्रतीक या अन्य कोई प्रचार सामग्री प्रदर्शित न हो। जो वाहन प्रयुक्त हो उसके लिए परमिट लिए जाएँ तथा जो वाहनों पर चस्पा हो। मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं के अलावा किसी भी व्यक्ति को आयोग के प्राधिकार पत्र के बिना प्रवेश नहीं दिया जाता है। विशिष्ट शिकायत या समस्या होने पर उसकी सूचना प्रेक्षक को दी जा सकेगी। सत्ताधारी दल को सुनिश्चित करना चाहिए कि यह शिकायत करने का मौका किसी को न मिले कि उसके द्वारा निर्वाचन के प्रयोजन के लिए सरकारी पद का उपयोग किया गया है। मंत्रियों को शासकीय दौरों को प्रचार के साथ नहीं जोड़ना चाहिए। प्रचार के दौरान शासकीय मशीनरी या कर्मियों का उपयोग नहीं करना चाहिए। सरकारी विमानों, वाहनों, मशीनरी और कर्मियों का उपयोग भी नहीं किया जाए। सताधारी दल को चाहिए कि सार्वजनिक स्थान पर सभाएँ करने या हैलीपेड के इस्तेमाल में अपना एकाधिकार न जमाएँ। ऐसे स्थान दूसरे दलों और उम्मीदवारों को भी उनकी शर्तों पर करने दिया जाए, जिन शर्तों पर सत्ताधारी दल स्वयं उपयोग करता है। विश्राम गृहों, डाक बंगलो या सरकारी आवासों पर भी एकाधिकार न हो। इनका उपयोग प्रचार कार्यालय या सार्वजनिक सभा के लिए नहीं किया जाए।

सत्ताधारी दल की उपलब्धियों को दिखाने वाले राजनैतिक समाचारों एवं सरकारी खर्चे से समाचार पत्र या अन्य माध्यमों में विज्ञापनों को जारी किया जाना तथा सरकारी जन माध्यमों का दुरुपयोग ईमानदारी से बिल्कुल नहीं होना चाहिए। मंत्रीगण अपने विवेकाधीन निधि से अनुदान की स्वीकृति नही दे सकेंगे। वे किसी भी रूप में कोई भी वित्तीय स्वीकृति या वचन देने की घोषणा तथा परियोजनाओं की आधारशिला भी नहीं रख सकेगें। सड़कों के निर्माण का वचन तथा पीने के पानी की सुविधाएँ भी नहीं दे सकेंगे। शासन या सार्वजनिक उपक्रमों के ऐसी कोई तदर्थ नियुक्ति नहीं की जा सकेगी जो मतदाता को प्रभावित करने वाली हो। केन्द्र या राज्य सरकार के मंत्री, उम्मीदवार या मतदाता अथवा अधिकृत एजेंट की हैसियत को छोड़कर मतदान या मतगणना केन्द्र में प्रवेश नहीं कर सकेंगे।

#### घोषणा पत्र

चुनाव आयोग ने घोषणा पत्र के संबंध में भी निर्देश जारी किये है। घोषणा पत्र में ऐसी कोई बात नहीं होना चाहिए जो संविधान में दिये गये सिद्धांतों और आदर्शों के प्रतिकूल हो। राजनैतिक दलों को ऐसे वायदे करने से बचना चाहिए जो निर्वाचन प्रक्रिया की शुचिता को दूषित करें या वोटर के मताधिकार में कोई अनुचित प्रभाव डाले। वित्तीय अपेक्षाओं को पूरा करने के साधनों का व्यापक रूप से घोषणा पत्र में उल्लेख होना चाहिए। वायदे ऐसे हो, जिन्हें पूरा करना संभव हो सके।

### लोकसभा-विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारों की खर्च सीमा

भारत निर्वाचन आयोग ने 6 जनवरी 2022 को एक बड़ा फैसला लेते हुए संसदीय और विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारों के खर्च की सीमा में वृद्धि की थी। खर्च वृद्धि का निर्णय वर्ष 2014 के सात साल बाद लिया गया। चुनाव आयोग के नये नियम के मुताबिक लोकसभा चुनावों में जिन राज्यों में अभी तक उम्मीदवार के लिए चुनावी खर्च की सीमा अधिकतम 70 लाख थी, उसको बढ़ाकर 95 लाख किया गया है। इसके अलावा जिन राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेश में यह सीमा 54 लाख थी, उसे बढ़ाकर 75 लाख किया गया है। राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के लिए चुनावी खर्च की सीमा 20 लाख से बढ़ाकर 28 लाख और जिन राज्यों में 28 लाख थी उसे बढ़ाकर 40 लाख कर दिया गया है। नई खर्च सीमा जनवरी 2022 से सभी चुनावों पर लागू कर दी गई है। मध्यप्रदेश सहित छत्तीसगढ़, राजस्थान, मिजोरम और तेलंगाना में आगामी नवंबर माह में विधानसभा चुनाव होने है। जबकि माह अप्रैल, मई 2024 में लोक सभा चुनाव होंगे। मध्यप्रदेश में अब लोकसभा के उम्मीदवार 70 लाख की जगह 95 लाख रू. खर्च कर सकेंगे। इस प्रकार वे विधानसभा चुनाव में 40 लाख रू. तक खर्च कर पायेंगे। पहले खर्च की सीमा 28 लाख रूपये थी। जिन 4 अन्य राज्यों में चुनाव हो रहे है। उनमें शामिल छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना में भी यही राशि निर्धारित की गई है। मिजोरम में जहां लोकसभा के उम्मीदवार 95 लाख तो विधानसभा चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार 28 लाख ही खर्च कर पायेंगे।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**चुनाव के समय नेता धर्म की....** सरकारों ने हिमाचल, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में पुरानी पेंशन लागू की, कांग्रेस की सरकार बनने पर मध्यप्रदेश में भी पुरानी पेंशन लागू की जाएगी। मंहगाई के मुद्दे पर आते हुए उन्होंने कहा कि डीजल, पेट्रोल, खाद, बिजली, पानी सब कुछ इन्होंने महंगा कर रखा है, किसानों को किसी भी तरीके की राहत देने का काम यह सरकार नहीं करना चाहती है और इस तरह से लगातार महंगाई एकतरफा बढ़ती जा रही है।

प्रियंका ने यहां जातिगत जनगणना पर कहा कि कांग्रेस सामाजिक न्याय की मांग कर रही है, जबकि यह सरकार यह काम नहीं करना चाहती है, बल्कि इवेंट और मीडिया के माध्यम से आपको बताती है कि हम ओबीसी, दलित और आदिवासियों के लिए काम कर रहे हैं। प्रियंका ने यहां भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाने के साथ ही कहा कि भाजपा शासन और अंग्रेजी शासन में कोई अंतर नहीं बचा है। आमसभा का संचालन सीपी मित्तल ने किया। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव कमलकांत शर्मा, सभा प्रभारी सुधांसु द्विवेदी, श्रीराम पाराशर, सुरेश पचौरी, रहली प्रत्याशी ज्योति पटेल, विधायक नाती राजा, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, नपा अध्यक्ष मंजु वीरेन्द्र राय, मनु मिश्रा, मानक पटेल, सतीश जैन, मनीषा दुबे, रूद्रप्रताप सिंह, लक्ष्मण सींग, सुषमा विक्रम ठाकुर, राशु चौहान, रोहन पाठक, राजा राय, राजेश तिवारी, संजय चौरसिया, निधि श्रीवास्तव, वीरेन्द्र राजपूत, नितिन मिश्रा, मंजीत यादव, बबलू भट्ट, रोहन पाठक, पारूल टंडन, पवन गुप्ता, परम यादव, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, केके वर्मा, भूपेन्द्र आजवानी, आशीष पटेल, अरूण मिश्रा, अनिल जैन, अखिल टंडन, बृजेश पटेल, अमर सिंह पार्षद सहित मंडलम सेक्टर प्रकोष्ठ सहित जिले के कांग्रेसजनों एवं आमजनता की उपस्थिति रही।कांग्रेस महासचिव श्रीमती गांधी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर गेहूं और धान का समर्थन मूल्य 26 सौ और 25सौ रुपये करेंगे, जिसे 3 हजार रूपये तक लेकर जाएंगे, सौ यूनिट बिजली बिल माफ करेंगे। हम गैस का सिलेंडर 5 सौ में दिया जाएगा, स्कूली शिक्षा के लिए स्कूल के बच्चों को हम 5 सौ से 15 सौ रुपये दिए जाएंगे।

**राहुल को है बुंदेलखण्ड की....** लोगों को चुनौती देता हूं कि मेरे ऊपर एक भी सुई की नोक के बराबर भी भ्रष्टाचार का आरोप सिद्ध करो तो मैं चुनाव से हट जाऊंगा मैं सार्वजनिक जीवन से संन्यास ले लूंगा।

इसी दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतनचंद जैन ने कहा कि कमलनाथ ने जिले की चारों सीटों दमोह से अजय टंडन, जबेरा से प्रताप सिंह, पथरिया से राव बृजेन्द्र सिंह, हटा से प्रदीप खटीक को कांग्रेस का प्रत्याशी घोषित किया है। वह सभी सहज, सरल एवं जमीनी कार्यकर्ता हैं और वह इस मंच से विश्वास के साथ कहते हैं चारों प्रत्याशियों को विजयी बनाकर विधानसभा में भेजेंगें।

**कांग्रेस को चला रहे 3....** जैसे जननायकों, स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मान देते हुए उनके म्यूजियम बनाए और पहली बार एक आदिवासी परिवार की बहन द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाया। छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय का नाम शंकरशाह के नाम पर रखा। श्री शाह ने कहा कि पहले आदिवासियों के लिए सिर्फ जल, जंगल और जमीन की बात होती थी, लेकिन अब इसके साथ ही सुरक्षा, सम्मान और समावेशी विकास की बात होने लगी है। उन्होंने कहा कि सोनिया-मनमोहन की सरकार सिर्फ 29 हजार करोड़ आदिवासियों पर खर्च करती थी, अब मोदी सरकार 1 लाख 38, हजार करोड़ खर्च कर रही है। केंद्र सरकार आदिवासियों के लिए अलग से 75 हजार करोड़ रुपये खर्च कर रही है। इसके साथ ही हमारी सरकार ने छिंदवाड़ा जैसे जिलों के लिए डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन बनाए हैं, ताकि खनिजों से मिल रहे राजस्व का हिस्सा जिले की परियोजनाओं पर भी खर्च किया जा सके। श्री शाह ने कहा कि छिंदवाड़ा आदिवासी बहुल जिला है। यहां महादेवपुरी कोलमाइंस की परमिशन हो चुकी है, दो बाकी हैं, भाजपा की सरकार बनने के बाद वो काम भी हो जाएंगे।

# 2 नाबालिग बालिकाओं से छेड़छाड़ के दोषी को 3 वर्ष का सश्रम कारावास

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** शासन की ओर से पैरवी कर रहीं विशेष लोक अभियोजक नर्मदांजलि दुबे द्वारा घटनाक्रम के बारे में जानकारी देते हुये बताया गया कि मामला टीकमगढ़ के माननीय विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) ए.पी. एस चौहान की न्यायालय में विचाराधीन था। जिसमें विशेष न्यायाधीश द्वारा नाबालिग बालिकाओं से छेड़छाड़ के आरोप में दोषसिद्धी का निर्णय पारित करते हुए देहात थाना अंतर्गत ग्राम लक्ष्मणपुरा निवासी 62 वर्षीय अभियुक्त हरीराम रैकवार पुत्र नंदू रैकवार को धारा 354 (क) भादवि तथा धारा 3 (2) व्हीए एससी/एसटी एक्ट के अपराध में क्रमशः 03-03 वर्ष का सश्रम कारावास व दो-दो हजार रूपये अर्थदण्ड, धारा 354 भादवि, धारा 11 (व्हीआई) /12 पॉक्सो एक्ट एवं धारा 3 (1)(डब्ल्यू)(आईआई) एससी/एसटी एक्ट में क्रमशः 02-02 वर्ष का सश्रम कारावास व एक-एक हजार रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। मामला थाना देहात का होकर इस प्रकार था कि दिनांक 15/03/2021 को अभियोक्त्री की मां ने थाना में उपस्थित होकर यह रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी लड़की अभियोक्त्री क्रमांक 1 एवं उसकी सहेली अभियोक्त्री क्रमांक 2 गांव में जन्मदिन की




पार्टी में गई थीं, तब थोड़ी देर बाद उसका लड़का और अभियोक्त्री क्रमांक 02 रोते हुए आये। जब उनसे पूँछा कि क्या हो गया, तब बच्ची ने बताया कि गांव का हरीराम बब्बा उससे पैसे देने की कहकर उसे और उसकी सहेली को आम के पेड़ की तरफले गया था और उन दोनों के साथ हरीराम बब्बा ने गलत हरकत की। फरियादिया की उक्त सूचना के आधार पर थाना देहात में अभियुक्त के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध की गई तथा उप निरीक्षक अनुजा मिश्रा के द्वारा अभियोक्त्रीगण के कथन उनके बताये अनुसार लेखबद्ध किये गये। उक्त दोनों अभियोक्त्री अनुसूचित जाति जनजाति अंतर्गत आने से मामले की विवेचना तत्कालीन निरीक्षक प्रतिपाल सिंह को सौंपी गई, उनके द्वारा मामले में समस्त आवश्यक अनुसंधान कार्यवाही के उपरांत चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान अभियोजन के द्वारा कुल 10 अभियोजन साक्षीगण को परीक्षित कराया गया एवं कुल 14 दस्तावेजों को साक्ष्य के तौर पर प्रस्तुत किया गया। अभिलेख पर अभियोजन द्वारा प्रस्तुत की गई मौखिक एवं दस्तावेजी साक्ष्य तथा अंतिम तर्क के आधार पर माननीय विशेष न्यायाधीश द्वारा आरोपी हरीराम रैकवार पुत्र नंदू रैकवार को आरोपित अपराध में दोषी मानते हुए सजायाबी का निर्णय सुनाया गया।

# श्रीराम राजा के दर्शन करने जा रहे बुजुर्ग की ट्राले से कुचल कर मौत

टीकमगढ़। जिले की ग्राम पंचायत कुर्राई से शुक्रवार 27 अक्टूबर की दोपहर को भगवान श्रीराम राजा के दर्शन करने के लिए पैदल यात्रा ओरछा धाम के लिए जा रही थी। यात्रा में शामिल लोग श्रीराम के जयकारे लगाते हुए जा रहे थे, जैसे ही यह पैदल यात्रा रात करीब 9 बजे ग्राम विरोरा के शासकीय स्कूल के पास पहुंची तो वहां पर पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्राला ने यात्रा में पीछे चल रहे एक 55 साल के व्यक्ति बबुआ अहिरवार उम्र करीब 55 साल निवासी कुर्राई को बुरी तरह से कुचल दिया। इस घटना में व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। यात्रा में शामिल लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। चालक ट्राला को तेज रफ्तार में लेकर मौके से भाग गया था। पुलिस ने पृथ्वीपुर में ट्राला को पकड़ लिया और इस घटना को लेकर अब यह यात्रा जो ओरछा जा रही थी। इस दुखदाई घटना के बाद यात्रा कुर्राई वापिस लौट आई।

# क्षेत्र की जनता विकास चुनेगी, प्रदेश में बनेगी भाजपा सरकारः राहुल सिंह



**पलेरा,देशबन्धु।** लोकतंत्र का सबसे खूबसूरत त्योहार चुनाव होता है और इस चुनाव में एक-एक वोटर की काफी ज्यादा अहमियत होती है, क्योंकि महज एक वोट से किसी की सरकार भी गिर सकती है और एक ही वोट से नेता चुनाव जीतते भी हैं और सरकार का गठन भी करते हैं। ऐसा ही माहौल खरगापुर विधानसभा क्षेत्र में नजर आ रहा है। बीते रोज भाजपा प्रत्याशी राहुल सिंह लोधी ग्रामीण क्षेत्र का दौरा करते हुए नजर आए। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों से मुलाकात करते हुए पूरे जोश के साथ चुनावी मैदान में उतरने को कहा। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के दम पर पुनः भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता ने हमेशा विकास को चुना है। क्षेत्र में किए गए विकास कार्य जनता की जुबान पर हैं। श्री लोधी ने कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में किए गए बिकास कार्यों को जनता के लिए समर्पित किया है। जिसका जवाब खरगापुर विधानसभा क्षेत्र की जनता ने भाजपा को वोट देकर पिछले चुनाव में ऐतिहासिक जीत के साथ दर्ज कराया था। उन्होंने कहा कि इस बार भी जनता विकास के कार्यों का मूल्यांकन करते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान करेगी।

## विकास कार्यों का मूल्यांकन कर जनता भाजपा को देगी आशीर्वादः खटीक



**पलेरा, देशबन्धु।** जतारा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी हरिशंकर खटीक के चुनाव प्रचार की कमान संभाल रहे जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि अतुल खटीक जनसंपर्क अभियान के तहत जतारा विधानसभा क्षेत्र के घरों में पहुंच रहे हैं। युवा नेता अतुल खटीक के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं की टीम भाजपा शासनकाल में किए गए विकास कार्य को लेकर जनता जनार्दन से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रही है। इसके साथ ही कई जगहों पर बूथ कार्यकर्ता चुनाव अभियान को तेज करने के लिए क्षेत्र में जनसंपर्क कर रहे हैं। भाजपा युवा नेता अतुल खटीक का कहना है कि जनता को कोई भ्रमित नहीं कर सकता क्योंकि जनता सब जानती है। क्षेत्र के विकास को लेकर विधानसभा क्षेत्र की जनता भाजपा प्रत्याशी को अपना आशीर्वाद प्रदान करेगी।

### कांग्रेस नेताओं ने संजय नगर, सैपुरा, बखतपुरा क्षेत्र में किया जनसंपर्क

# भाजपा सरकार ने जनता के साथ किया छलावाः गौर



**पलेरा, देशबन्धु।** खरगापुर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती चंदा सुरेंद्र सिंह गौर के समर्थन में मतदान करने की अपील करते हुए पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष दिग्विजय सिंह गौर ने जनसंपर्क करते हुए मतदाताओं से कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती चंदा सुरेंद्र सिंह गौर के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि खरगापुर विधानसभा क्षेत्र में अपराध और कमीशनखोरी के कारनामे जनता की जुबान पर हैं। भाजपा सरकार किसानो और बेरोजगारों के साथ छलावा करती आ रही है। झूठी घोषणाएं करना भाजपा नेताओं की आदत में शुमार है। लेकिन कांग्रेस जो कहती है वही करती है। दिग्विजय सिंह गौर ने कहा कि चुनावी मौसम में घर से निकलकर जनता के बीच पहुंच रहे नेताओं को क्षेत्र की जनता इस बार सबक सिखाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसे व्यक्ति 5 साल गायब रहते हैं और चुनाव के समय में मतदाताओं को गुमराह करने के लिए उनके बीच पहुंच जाते हैं। दिग्विजय सिंह गौर ने कहा कि बीते 5 सालों में खरगापुर विधानसभा क्षेत्र में किए गए कारनामों को लेकर जनता कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करते हुए भर्राशाही की व्यवस्थाओं का का मुंहतोड़ जवाब देगी।

# भाजपा प्रत्याशी राकेश गिरी ने जनसंपर्क करके मांगा समर्थन

**टीकमगढ़,देशबन्धु।** शनिवार के दिन टीकमगढ़ विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी राकेश गिरी ने विधानसभा के ग्राम मजना, भड़रा, रौरई, सुनोनी, रायपुर, बम्होरी नकीवन में जनसंपर्क कर भाजपा के पक्ष में आशीर्वाद मांगा और टीकमगढ़ विधानसभा क्षेत्र में एक बार फिर कमल खिलाकर भाजपा को प्रचंड बहुमत से जीत दिलाने की अपील की। इस जनसंपर्क के दौरान भाजपा के पदाधिकारियों सहित अनेक कार्यकर्ता जन मौजूद रहे। दूसरी ओर पूर्व नपाध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी गिरी ने विधानसभा के ग्राम मिनौरा, नीमखेरा, चरपुवां में जनसंपर्क कर भाजपा के पक्ष में वोट करने की अपील की।



# अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने मतदान केंद्रों का किया भ्रमण

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सासत्या द्वारा थाना प्रभारी मोहनगढ़ निरीक्षक राम ठाकुर एवं चौकी प्रभारी बंधाजी उपनिरीक्षक अवनीश गिरी की उपस्थिति में शनिवार 28/10/23 को थाना मोहनगढ़ अंतर्गत ग्राम इकबालपुर, अचर्रा, केशवगढ़, हथेरी, बंधा के मतदान केंद्रों का भ्रमण कर आमजनों से जन संवाद कर विश्वास पर्चियों का वितरण किया एवं निष्पक्ष मतदान कराने का आश्वासन देकर बिना डर भय के स्वेच्छा से मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके साथ ही घूंघटा घाट सीमावर्ती उत्तर प्रदेश बॉर्डर नाका एवं हनुपुरा नाका एसएसटी चेक पोस्ट को चैक किया।

# शराबी पुत्र ने पिता से गाली-गलौच कर किया झगड़ा

**दिगौड़ा, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम फिरोजपुरा में 28 अक्टूबर सुबह 11:30 बजे मनीराम अहिरवार निवासी फिरोजपुरा अपने घर पर था। तभी उसका छोटा लड़का बबलू अहिरवार शराब पीकर आया और शराब के नशे में उसके साथ गाली गलौज व झगड़ा करने लगा। पीड़ित ने गाली देने से मना किया तो वह मारपीट करने को तैयार हो गया। विवाद बढ़ता देख पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस थाना में आकर अपने छोटे पुत्र के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# भूसा बेचने के रुपयों को लेकर पति ने पत्नी से किया झगड़ा

**दिगौड़ा, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बिजरावन में 28 अक्टूबर की सुबह करीब 10 बजे भूसा बेचने के रुपयों को लेकर महिला के साथ उसके पति ने विवाद किया व मारने पीटने को तैयार हो गया। महिला ने पुलिस थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसके अनुसार पीड़ित महिला सुखवती पत्नी दयाराम अहिरवार निवासी बिजरावन ने अपना भूसा बेचा था। उसका पति दयाराम अहिरवार शराब पीकर आया और भूसा बेचने के रुपए मांगने लगा। महिला ने रुपए देने से मना किया तो उसने महिला के साथ गाली गलौज व विवाद किया और मारने पीटने को तैयार हो गया। विवाद बढ़ता देख महिला द्वारा थाना में आकर पुलिस से अपने पति की शिकायत की गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# धार्मिक स्थलों में सभा करने या प्रचार करने की नहीं होगी अनुमति

**टीकमगढ़,देशबन्धु।** निर्वाचन आयोग ने चुनाव प्रचार के संबंध में निर्देश देते हुए बताया है कि आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के समय किसी भी धार्मिक स्थान में राजनैतिक सभा करने अथवा किसी भी माध्यम से प्रचार करने की अनुमति नहीं होगी। उल्लंघन करने पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। निर्वाचन आयोग द्वारा सभी कलेक्टरों को इस संबंध में दिए गए निर्देशों का कठोरता से पालन करने के निर्देश दिए हैं। निर्देशों में कहा गया है कि सभी नगर पालिका अधिकारियों को क्षेत्र मे होर्डिंग के लिए चिन्हित स्थलों की दरों का निर्धारण कर कुछ स्थलों को स्वीप एवं निर्वाचन संबंधी अन्य जानकारी प्रदर्शित करने हेतु आरक्षित करें। साथ ही अन्य उपलब्ध स्थलों को निर्धारित दरों पर समानता के अनुसार प्रचार के लिए उपलब्ध कराएं। समस्त रिटर्निंग अधिकारियों को सभा स्थलों का चिन्हांकन कर, उक्त स्थलों में कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने की कार्यवाही शीघ्र संपादित करने के लिए कहा है। उन्होंने यह भी कहा कि लाउडस्पीकर चलाने की अनुमति में यह ध्यान रखा जाए। सभी शर्तों का स्पष्ट रूप से उल्लेख हो एवं शर्तों का अनुपालन पूरी कड़ाई के साथ करें।

# बिजली की डोरी डालने से मना करने पर दंपत्ति से मारपीट



**दिगौड़ा, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मऊ बुजुर्ग के निवासी रामचरन घोष ने अपनी पत्नी के साथ पुलिस थाना में आकर गांव के तीन लोगों पर मारपीट के आरोप लगाए हैं। पी?ित व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराईए जिसके अनुसार 28 अक्टूबर शनिवार की दोपहर करीब 1 बजे डीपी से बिजली की डोरी डालने पर पी?ित व्यक्ति रामचरन घोष पिता हीरालाल घोष का गांव के पूरन सिंह घोषए अजमेर सिंह घोष व रंजीत सिंह घोष से विवाद हो गया। इस विवाद में इन लोगों ने पी?ित व्यक्ति के साथ लाठी से मारपीट कर दी। पी?ित व्यक्ति को बचाने के लिए गई उसकी पत्नी रंजीता घोष की भी मारपीट कर दी। इस घटना में दोनों को चोट आ गई। पुलिस ने दोनों का उपचार कराकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पुलिस ने वाहन चेकिंग करके विश्वास पर्चियों का किया वितरण

**पलेरा, देशबन्धु।** आगामी 17 नवंबर को होने वाले मतदान के दौरान यदि किसी मतदाता को मतदान के लिए कोई प्रलोभन या कोई दबाव या धमकी दी जाती हैए तो वह मतदाता पुलिस अधिकारियों से सीधे फोन पर शिकायत दर्ज करा सकता है। मतदान के लिए निष्पक्ष मतदान करने तथा तथा निडर होकर मतदान करने के लिए पुलिस थाना पलेरा द्वारा नगरीय क्षेत्र एवं ग्रामों में जाकर विश्वास पर्ची का वितरण किया जा रहा है। इस पर्ची में सभी अधिकारियों के नंबर दिए गए हैं ए जिस पर मतदाता सीधे शिकायत दर्ज करा सकते हैं। थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि प्रशासन द्वारा निष्पक्ष मतदान के लिए कृत संकल्प है। वह मतदाताओं की सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर है। क्षेत्र के मतदाता निडर होकर मतदान करें। प्रलोभन या धमकी से डरे नहींए शिकायत दर्ज कराएं। इसके साथ ही पुलिस के द्वारा नगर के प्रमुख चेकिंग प्वाइंटों पर वाहन चेकिंग की जा रही है।



# नपा नेता प्रतिपक्ष ने नगर भृमण करके लोगों को खिलाए पान

**टीकमगढ़,देशबन्धु।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी हर्ष और उल्लास के साथ अभिषेक खरे (रानू) ने समस्त कार्यकर्ताओं के साथ नागरिकों के बीच पहुंचकर उन्हें पान खिला कर दशहरे की सुभकामनाए दी। भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष व नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष अभिषेक खरे लगातार विगत छह वर्षो से दशहरा मिलन का कार्यक्रम आयोजित करते आ रहे हैं। इस बार भी उनके द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया जो उनके वार्ड के साथ-साथ सिंधी धर्मशाला से शुरू होकर पूरे नगर में घूमते हुए लोगो को पान खिलाके गले लगा कर शुभकामनाये देते हुए गांधी चौराहे पर समाप्त हुआ। लोगो में भी इस समारोह को लेकर अलग ही उत्साह नजर आता है। कार्यक्रम में अभिषेक खरे के साथ अंकित तिवारी, मैंडी राय, हिमांशु प्रजापति, हिमांशु तिवारी, रोहित यादव, गोलू चौरसिया, अन्नू जैन, अमन सोनी, उदय यादव, गुड्डू बुंदेला, संकेत सैन, संजू यादव, ऋतिक रजक, रूपेश रजक, सोनू सैन, शैलेंद्र गिरी, पीयूष खरे, वेद प्रकाश सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# मां ज्ञानेश्वरी युवा भक्त मंडल ने विशाल भंडारे का किया आयोजन

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** शहर के मां ज्ञानेश्वरी मंदिर पर स्थानीय युवाओं द्वारा 26 वर्षों से निरंतर माता विराजमान कर नवरात्री का भव्य कार्यक्रम होता चला आ रहा है एवं इसी कड़ी में देवी विसर्जन के पश्चात भव्य भंडारे का अयोजन किया गया। जहां मुहल्ले वासियों सहित शहर से लगभग 4 हजार भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की।। कार्यक्रम के आयोजक 'शक्ति सिंह राय' प्रशांत राय देवेंद्र सिंह राय सुरेंद्रए पंकजए ठाकुर दास प्रमोद विवेकएपप्पूए कमलेशए रविन्द्र एवं समस्त युवा कमेटी रही।



ग्राम पंचायत बलगहा के सरपंच, सचिव ने बिना कार्य के हड़पी राशि

# तालाब गहरी करण के नाम पर व्यापक फर्जीवाड़ा

**पन्ना, देशबन्धु।** जिले में ग्राम पंचायतो में व्यापक स्तर पर फर्जीवाडा चल रहा है। शासकीय राशि से कार्य नही कराये जा रहे है। फर्जी बिल बाउचर लगाकर राशि हडपी जा रही है। मनरेगा योजना सिर्फ अधिकारियों तथा सरपंच, सचिव, उपयंत्रियों की कमाई का जरिया बना हुआ है। जिनके द्वारा फर्जी मस्टर, फर्जी बिल बाउचर लगाकर राशि निकाल ली जाती है। इसी प्रकार का मामला गुनौर जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत बलगहा का प्रकाश में आया है। जहां पर तालाब गहरी करण का कार्य कराया जाना था। जिसके लिए सात लाख दस हजार की राशि स्वीकृत हुई थी। उक्त कार्य सरपंच सचिव, उपयंत्री द्वारा नही कराया गया।




लेकिन राशि निकालकर बंदर बाट कर ली गई। स्थानीय ग्राम पंचायत के पंच कल्याण सिंह यादव ने बताया कि उक्त कार्य मनरेगा योजना के अन्तर्गत स्वीकृत किया गया था। लेकिन जिम्मेवारो द्वारा कोई कार्य नही कराया गया है तथा राशि हडपकर बंदर बाट कर ली गई। सूचना के अधिकार के तहत पंच द्वारा निकाली गई जानकारी मे बताया गया कि कार्य अधूरा पडा हुआ है, लेकिन संबंधितो द्वारा मटेरिलय तथा मजदूरी के नाम पर सात लाख दस हजार की राशि निकालकर ठिकाने लगा दी गई है। पंच ने संबंधित मामले में सरपंच, सचिव, उपयंत्री के खिलाफ कडी कार्यवाही करने की मांग जिले के कलेक्टर हरजिंदर सिंह तथा जिला पंचायत के युवा मुख्य कार्यपालन अधिकारी संघ प्रिय से जांच कराकर दोषियो से राशि वसूल करने तथा आपराधिक मामला दर्ज कराने की मांग की है।

# रिश्वत मांगने वाले मंडी सचिव को सजा

**दमोह देशबन्धु।** न्यायालय विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, डॉ. आरती शुक्ला पाण्डेय जिला दमोह की अदालत द्वारा आरोपी कमलेश कुमार रैकवार, तत्कालीन सचिव कृषि उपज मंडी दमोह को दोषसिद्ध पाते हुए भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 में 03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं धारा 13(1)(डी) सहपाठित 13(2) मे 04 वर्ष का सश्रम कारावास एवं कुल 8000 रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अभियोजन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक अनंत सिंह ठाकुर द्वारा प्रभारी जिला अभियोजन अधिकारी कैलाश चंद पटेल के मार्गदर्शन में की गई। बताया गया कि दिनांक 19 दिसंबर 2017 को आवेदक राजेश व्यास पिता स्व. सीताराम व्यास उम्र 50 वर्ष निवासी सागर नाका जिला दमोह ने अनावेदक कमलेश कुमार रैकवार, तत्कालीन सचिव कृषि उपज मंडी दमोह के विरुद्ध एक शिकायत पत्र रिश्वत मांग संबंधी पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त सागर के समक्ष प्रस्तुत किया था कि आवेदक द्वारा कराये गये सफाई कार्य का बिल एवं अमानत राशि एवं मुख्यमंत्री कृषक भोजनालय का बिल भुगतान किया जाना है, जिसके संबंध में आरोपी कमलेश कुमार रैकवार, सचिव कृषि उपज मंडी दमोह द्वारा भुगतान करने के एवज में रिश्वत की मांग की जा रही है। शिकायत की तस्दीकोपरांत दिनांक 03 जनवरी 2018 को ट्रेप का आयोजन किया गया।

ट्रैप कार्यवाही के दौरान लोकायुक्त पुलिस के द्वारा आरोपी के शासकीय निवास में आरोपी से रिश्वत राशि 10,000 रुपये बरामद की गई। समस्त कार्यवाही एवम विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय विशेष न्यायालय भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम दमोह के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिसपर माननीय न्यायालय द्वारा दिनाँक 28 अक्टूबर 2023 को पारित निर्णय में आरोपी कमलेश कुमार रैकवार, तत्कालीन सचिव कृषि उपज मंडी दमोह को दोषसिद्ध पाया गया और सजा सुनाई गयी।

# 8 अपराधियों पर की प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

**दमोह देशबन्धु।** जिला मजिस्ट्रेट मयंक अग्रवाल ने आपराधिक गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से नियंत्रण करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी के प्रतिवेदन पर म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 08 अपराधियों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की है। उन्होंने थाना तेन्दूखेड़ा के अनावेदक चन्नू विश्वकर्मा पिता रामदयाल विश्वकर्मा निवासी वार्ड क्रमांक-11 तेन्दूखेड़ा, अनावेदक सुदीप ठाकुर पिता बकील ठाकुर निवासी वार्ड क्रमांक -08 तेन्दूखेड़ा, थाना नोहटा के अनावेदक तेजीसींग लोधी पिता कमलसींग लोधी निवासी ग्राम कनेपुर, थाना मड़ियादो के अनावेदक सचिन पिता स्व. बृजमोहन नौगरिया निवासी ग्राम मड़ियादो, थाना हटा के अनावेदक विपत ऊर्फ सुदामा प्रसाद राजपूत पिता लोकपाल सिंह राजपूत निवासी संजय वार्ड हटा, अनावेदक लड़ई ऊर्फ बसंत पिता बारेलाल काछी (पटेल) निवासी ग्राम बोरी छपरा, थाना कोतवाली दमोह के अनावेदक गीतेश अठ्या पिता गनेश अठ्या निवासी राजीव गांधी कालोनी दमोह तथा अनावेदक समीर शेख पठान पिता पप्पू शेख पठान निवासी बजरिया वार्ड नं.-01 गढ़ी मुहल्ला दमोह को आगामी 03 माह अर्थात 90 दिवस की कालावधि तक के लिये दिये गये निर्देशों का पालन करने हेतु पाबंद किया है।जारी प्रतिबंधात्मक आदेशानुसार सभी अनावेदकों निर्धारित दिवस में अनुविभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) के न्यायालय में एवं संबंधित थानों के थाना प्रभारी के समक्ष 12 बजे से 01 बजे के मध्य अपनी उपस्थिति दर्ज करायेंगे तथा सामान्य नागरिक की भांति नेक चाल चलन बनाकर रखेगा। इन निर्देशों का उल्लंघन करने पर अधिनियम की धारा 14 के तहत कार्यवाही की जायेगी।

# 9 साल से फरार वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पन्ना, देशबन्धु।** हाईकोर्ट जबलपुर एवं पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेशानुसार विधानसभा चुनाव वर्ष 2023 को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश स्तर में स्थाई वारंटियों, साक्षी एवं गिरफ्तारी वारंट की तामीली हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक सांई कृष्ण थोटा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरती सिंह एवं एसडीओपी पन्ना एसपी सिंह बघेल के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अधिक से अधिक वारंटों की तामीली किये जाने के संबंध में निर्देशित किया गया था। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना निरी. रोहित मिश्रा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा न्यायालय पन्ना के प्रकरण क्रमांक 1301/14 एवं थाना कोतवाली के अप. क्र. 288/14 धारा 457, 380 ताहि. वर्ष 2014 से फरार चल रहा था। जो उक्त अपराध थाना पर धारा 299 जाफौ. के तहत लंबित था एवं न्यायालय द्वारा आरोपी नौसाद उर्फ लगडा उर्फ मुफीद खां पिता शेरअली उम्र 33 साल निवासी राठ जिला महोबा उप्र का स्थायी वांरट जारी किया गया था। जिसको पुलिस टीम द्वारा 28 अक्टूबर 23 को राठ जिला महोबा से गिरफ्तार कर न्यायालय के समझ पेश किया है तथा जेल भेज दिया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरी. रोहित मिश्रा, रामकृष्ण पाण्डेय, मानसिंह, मनीष विश्वकर्मा, अरूण अहिरवार, शिवस्वरूप तिवारी, सलीम, सर्वेन्द्र अहिरवार, नीलेश प्रजापति, प्रदीप मिश्रा, सत्यनारायण अग्निहोत्री का योगदान रहा।

# अंतर्राष्ट्रीय शरद पूर्णिमा महोत्सव कार्यक्रम में उमड़ा सैलाब



**पन्ना, देशबन्धु।** प्रणामी सम्प्रदाय के प्रमुख तीर्थ 5 पद्मावतीपुरी धाम पन्ना में अन्तर्राष्ट्रीय शरदपूर्णिमा महोत्सव के अवसर पर देश के विभिन्न हिस्सों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े। महामति श्री प्राणनाथ जी मंदिर में शरदपूर्णिमा की रात भक्ति भाव में डूबे श्रद्धालुओं ने जयकारे लगाते हुए खूब गरबा नृत्य किया। हजारों सुन्दरसाथ व नगरवासियों ने श्री जी को निहारकर अपने नैनों को तृप्त किया। जैसे ही बंगला जी दरबार साहब से श्री जी की सवारी रासमण्डल के लिये निकली, वैसे ही रास के रचइया की, श्री प्राणनाथ प्यारे के जयकारों से पन्ना नगरी गूंज उठी। महामति श्री प्राणनाथ मंदिर में पंचमी तक चलेंगी जागिनी रास की लीलायें उल्लेखनीय है कि श्री प्राणनाथ जी ने सुन्दरसाथ जी को श्री राज जी श्यामा जी की अलौकिक अखण्ड रासलीला, जागिनी रास का दर्शन कराया था। प्रणामी धर्म का सबसे पवित्र धाम श्री गुम्बट जी मन्दिर जिसका प्रांगण बृह्म चबूतरा कहा जाता है। यहीं पर श्री प्राणनाथ जी ने अपने परम स्नेही सुन्दरसाथ जी को श्री राज जी श्यामा जी की अलौकिक अखण्ड रासलीला, जागिनी रास का दर्शन कराया था। इसीलिये इसे जागिनी लीला भी कहा जाता है। उसी समय से अन्तर्राष्ट्रीय शरदपूर्णिमा महोत्सव का यहां पर बड़े ही धूमधाम और भक्ति भाव के साथ आयोजन किया जाता है। श्रद्धालु यहां विराजमान साक्षात अक्षरातीत पूर्णबृह्म के अलौकिक रास के आनंद में सराबोर होते हैं। शनिवार पूनम की रात जैसे ही श्रीजी की भव्य सवारी बंगला जी दरबार साहब से रासमण्डल में आई तो वहां उपस्थित हजारों सुन्दरसाथ अपने पिया के साथ प्रेम रंग में डूब गये। यह अखण्ड रास का आयोजन पांच दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय शरदपूर्णिमा उत्सव के रूप में रात-दिन चलेगा।

# महर्षि बाल्मीकि प्रकटोत्सव मनाया

**दमोह देशबन्धु।** महर्षि बाल्मीकि स्वामी प्रकटोत्सव पर हर वर्ष कि तरह इस वर्ष भी गजानन टेकरी बजरिया वार्ड नंबर 3 में झंडा स्थल पर ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में बाल्मीकि स्वामी जी चित्र पर पुष्प माला अर्पित कर पूजन व प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर पार्षद श्रीमती सुनैना धीरज धारू व समाज के वरिष्ठ और युवा साथियों सहित वार्डवासियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रहीं।



# देवेन्द्र नगर में बड़ी चोरी, 3 लाख नगदी सहित 7 लाख के आभूषण ले गये चोर

**पन्ना, देशबन्धु।** देवेन्द्र नगर कस्बा मुख्यालय मे चोरो ने बीती रात्रि बड़ी चोरी को अंजाम दिया है। जिसमें तीन लाख नगदी सहित सात लाख के आभूषण चुराकर चोर ले गयें है। जानकारी के अनुसार निजी विद्यालय संचालक अलक्षेंद्र पटेल के घर मे घुसकर चोरो ने तीन लाख नगदी सहित आभूषण चुराये है। बताया जाता है कि आवेदक अलक्षेंद्र पटेल के पिता जी का निधन हो गया था जिससे वह अपने गांव में थे तथा घर में ताला लगा हुआ था। इसी का फायदा उठाते हुए चोरो ने उस घर को निशाना बनाया तथा चोरी की घटना को अंजाम दिया है। दूसरे दिन दरवाजे खुले होने पर पडोसियो द्वारा सूचना दी गई तो फरियादी अलक्षेंद्र पटेल ने घर जा कर देखा जिसमें मकान के सभी कमरो के ताला टूटे हुए थे तथा चोरो द्वारा नगदी सहित आभूषण चोरी कर लिये गयें थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है तथा चोरो का सुराग लगा रही है।

## गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के कथित प्रत्याशी राय पर धारा 144 का उल्लंघन करने पर कार्रवाई

**दमोह देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत नाम निर्देशन पत्र जमा करने की प्रक्रिया प्रारंभ है, आदर्श आचार संहिता के अनुक्रम में कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट मयंक अग्रवाल के आदेशानुसार दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 लागू हैं, किन्तु गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के कथित प्रत्याशी विनोद राय द्वारा बिना पूर्व अनुमति के अत्यधिक लोगों का विधि-विरूद्ध जमावड़ा कर दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 एवं आदर्श आचार संहिता का उल्लघन करने के आरोप के विरूद्ध धारा 188 भा.द.वि. का अपराध पंजीवद्ध कर विवेचना में लिया गया हैं और गोडवाना गणतंत्र पार्टी के कथित प्रत्याशी राय के विरूद्ध विधि अनुसार उक्त मामले में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गयी हैं। इसी प्रकार 56-जबेरा विधानसभा क्षेत्र के अनावेदक द्वारा अपने ग्राम से एक कथित नामांकन रैली निकाली गई है जो बम्होरी माला माला से जबेरा नोहटा होते हुए दमोह की ओर गई जिसमें लगभग 200 फोर व्हीलर वाहन तथा 1500 से 2500 आदमी होना बताया गया है उक्त घटना क्रम प्रात: 11 बजे से दोपहर 01 बजे का है। अनावेदक विनोद राय द्वारा वर्तमान विधानसभा आम निर्वाचन 2023 में आचार संहिता लागू रहते हुए विधिवत अनुमति प्राप्त नहीं की गई है। बिना अनुमति अनावेदक द्वारा 1500 से ज्यादा व्यक्तियों का जमावड़ा (विधि विरूद्ध) किया गया है तथा वाहनों का बिना अनुमति उपयोग किया गया है, अनावेदक द्वारा जिला दंडाधिकारी के आदेश अंतर्गत धारा 144 दंड प्रक्रिया संहिता 1973 में दिये गये निर्देशों ए,बी,सी,डी,ई एवं एफका स्पष्ट उल्लंघन किया गया है। अनावेदक के विरूद्ध भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 188 के तहत आपराधिक प्रकरण जबेरा एवं दमोह में पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## शिकायत के लिए टोल फ्री नम्बर 1950

**दमोह देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल ने आमजन से कहा है विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु विधानसभा क्षेत्र 54-पथरिया, 55-दमोह, 56-जबेरा एवं 57-हटा के संचालन हेतु शिकायत/अनुवीक्षण नियंत्रण कक्ष एवं कॉल सेन्टर कलेक्टर कार्यालय के भू-तल स्थित कंट्रोल रूम (मतदाता सहायता केन्द्र सामान्य निर्वाचन) में स्थापित किया गया है। निर्वाचन संबंधी शिकायत हेतु टोल फ्री नम्बर 1950 एवं दूरभाष क्रमांक 07812-224045 है। नियंत्रण कक्ष एवं कॉल सेन्टर आयोग के निर्देशानुसार 24 घंटे सतत् रूप से चालू रहेगा। नियंत्रण कक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अग्रवाल ने अधिकारी/कर्मचारियों की ड्यूटी 30 अक्टूबर 2023 से (अवकाश दिनों सहित) आगामी आदेश पर्यन्त तक लगाई है। अपर कलेक्टर मीना मसराम ने बताया शिकायत एवं अनुवीक्षण नियंत्रण कक्ष एवं कॉल सेन्टर के नोडल अधिकारी संजय पाण्डे होंगे। सहायक शिक्षक माध्यमिक शाला सदगुवां कृष्ण कुमार पाण्डे, जे.एम.आई. मलेरिया विभाग संतोष ठाकुर एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी स्वास्थ्य विभाग विनोद अठ्या की ड्यूटी प्रथम पारी में प्रात: 08 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक, सर्व शिक्षा केन्द्र सहायक ग्रेड-3 राकेश अहिरवार, उत्कृष्ट विद्यालय सहायक ग्रेड-3 अपूर्व हजारी एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी शिक्षा विभाग ओशो उपाध्याय की ड्यूटी द्वितीय पारी में अपरान्ह 03 बजे से रात्रि 11 बजे तक तथा एम.एल.बी. स्कूल के सहायक ग्रेड-3 धर्मेन्द्र पटेरिया, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सहायक ग्रेड-3 विकास अहिरवार एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी जन.शि.के पथरिया के यशवंत राठौर की ड्यूटी तृतीय पारी में रात्रि 11 बजे से प्रातरू 08 बजे तक लगाई गई है। उन्होंने निर्देशित किया है संबंधित कर्मचारी निर्धारित दिनांक, स्थान एवं समय पर अपनी उपस्थिति निर्वाचन कार्यालय में देना सुनिश्चित करेंगे।

# आचार्य श्री के जन्म दिवस पर भंडारा एवं वस्त्र वितरण

**दमोह देशबन्धु।** शरद पूर्णिमा एवं आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के 78 वें अवतरण दिवस के अवसर पर जैन युवा महासंघ एवं जैन नवयुवक मित्र मंडल द्वारा स्थानीय घंटाघर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। दीप प्रज्वलन के पश्चात विशाल भंडारे की शुरुआत की गई जिसमें समस्त लोगों के लिए पूरी सब्जी एवं खीर की व्यवस्था की गई, इसी के साथ-साथ संस्था द्वारा गरीब महिलाओं एवं पुरुषों के लिए वस्त्र वितरण भी किया गया। इस दौरान जैन पंचायत के अध्यक्ष सुधीर जैन वेलकम, अरविंद इटोरिया, पदम जैन खली, श्रेणिक बजाज, रूपचंद जैन, बंटू गांगरा जैन, मानव बजाज, मनीष जैन आउटलुक सहित नपा पूर्व अध्यक्ष मालती असाटी, व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष संजय यादव, संजय डबुल्या, आशीष जैन, कल्लू बड़े राय, अशीष शाह, अनुराग बजाज, प्रकाश जैन, शरद बजाज, सुरेंद्र जैन लिबास, नरेंद्र जैन, आलोक पलंदी, मुकेश जैन ठेकेदार सहित समाज के अनेक लोगों की उपस्थिति रही।




## पुलिस ने जिलाबदर आरोपी को अवैध हथियार के साथ किया गिरफ्तार

**सिरोंज, देशबन्धु।** गत दिवस पुलिस द्वारा विश्वनीय मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि जिला बदर बदमाश रमेश यादव पिता बुन्देल सिंह यादव निवासी खामखेडा थाना सिरोंज बासोदा नाका से सिरोंज की ओर आ रहा है। जिसकी सूचना पर जिला बदर आरोपी को प्र.आर. अमित मिश्रा द्वारा हमराह बल के साथ पकडा जिसकी तलाशी लेने पर जिला बदर बदमाश रमेश यादव के पास एक लोहे का छुरा रखे हुए मिला जिसे विधिवत जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर थाना लाए। आरोपी के विरुद्ध जिलाबदर आदेश का उल्लंघन करने एवं अवैध हथियार रखने पर थाना सिरोंज में धारा 25 आर्म्स एक्ट व 14, 15 मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायालय सिरोंज पेश किया गया। गिरफ़्तारी में प्र.आर. अमित मिश्रा, 703 रघुवीर मीणा, आर. संतोष रघुवंशी, आर. राहुल पटेल का विशेष योगदान रहा।

नव मतदाताओं के रूप में अपने अधिकारों का करें उपयोग: सहायक कलेक्टर

# मतदाता जागरूकता के लिए हुआ क्रिकेट टूर्नामेंट

**बैतूल, देशबन्धु।** सहायक कलेक्टर आईएस ऐश्वर्या वर्मा ने कहा कि संविधान में भारत के मतदाता को सरकार चुनने का अधिकार दिया है। आप मतदाता के रूप में प्राप्त अपने अधिकारों को पहचानने और अधिकारों का अधिक से अधिक उपयोग करें। सबसे पहला अधिकार से मतदान का अधिकार। जिला प्रशासन एवं नगर पालिका परिषद के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत स्वीप क्रिकेट कप टेनिस टूर्नामेंट के शुभारंभ अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता में खिलाडियों का नव मतदाता के रूप में वर्मा उनसे उनका परिचय प्राप्त कर रहे थे। प्रतियोगिता में बैतूल, मुलताई, घोड़ाडोंगरी, आमला और भैंसदेही की टीमों ने भाग लिया। टीम में वे ही खिलाड़ी शामिल थे जो पहली बार मतदान करने वाले है। स्वीप कप टूर्नामेंट का प्रथम मैच बैतूल एवं मुलताई विधानसभा के युवा मतदाताओं की टीमों के मध्य खेला गया। मुलताई की टीम ने टॉस जीतकर पहले बैतूल के खिलाडियों को बैटिंग के लिए आमंत्रित किया। 10-10 ओवर के इस टेनिस बॉल टूर्नामेंट में बैतूल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 84 रन बनाए। जिसमें से मुलताई टीम के कप्तान मनोज उर्फ एमडी ने दो छक्कों की मदद से 44 रन की पारी खेली। आयुष ने 14 रन और दीपक व नितेश ने चार-चार रन का योगदान दिया। मुलताई की ओर से राहुल, चेतन, तन्मय, विशाल और तुषार ने गेंदबाजी की, जिससे बैतूल की टीम बड़ा स्कोर खड़ा करने का प्रयास करती रही। मुलताई की टीम ने जोरदार शुरुआत करते हुए बैतूल की टीम को पांच विकेट से हरा दिया।



प्रतियोगिता का दूसरा मुकाबला आमला और घोड़ाडोंगरी के बीच खेला गया। जिसमें घोड़ाडोंगरी की टीम ने बल्लेबाजी करते हुए 221 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया। जिसके जवाब में 221 रनों का पीछा करते हुए आमला की टीम 153 रन ही बना पाई। घोड़ाडोंगरी की टीम ने 69 रनों से विजय प्राप्त की। प्रतियोगिता का तीसरा मैच भैंसदेही और मुलताई के बीच खेला गया। भैंसदेही टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 50 रन ही बना पाई। मुलताई की टीम ने 4.4 ओवर में 50 रन बनाकर 8 विकेट से विजय प्राप्त की। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला मुलताई, घोड़ाडोंगरी के मध्य कल खेला जाएगा।

**कलेक्टर इलेवन और एडव्होकेट इलेवन के बीच होगी बैट बॉल की जंग :** विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के अनुक्रम में स्वीप कप 2023 के लिए कलेक्टर इलेवन एवं एडव्होकेट इलेवन के मध्य 29 अक्टूबर रविवार को लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम पर टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का मैत्री मैच का आयोजन किया गया है। जिला प्रशासन और बैतूल नगर पालिका परिषद के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस टूर्नामेंट में 20-20 ओवर का मैच खेला जाएगा। कलेक्टर इलेवन की ओर से कलेक्टर श्री अमनबीर सिंह बैंस, पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ चौधरी, सीईओ श्री अक्षत जैन, सीएमओ श्री ओमपाल सिंह भदोरिया, सहायक कलेक्टर श्री ऐश्वर्या वर्मा, श्री मनीष वरवड़े, डीएफओ श्री वरुण यादव एवं अन्य खिलाड़ी भाग लेंगे।

एडव्होकेट इलेवन की टीम की घोषणा टूर्नामेंट के पूर्व की जाएगी। उल्लेखनीय है कि जिला निर्वाचन कार्यालय स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता के लिए नित्य प्रतिदिन विभिन्न खेल गतिविधियों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से मतदान के महत्व, आवश्यकता एवं मतदाता के अधिकारों के अधिक से अधिक उपयोग का आयोजन का ध्यान आकर्षित करता रहा है। क्रिकेट प्रतियोगिता भी इस श्रृंखला का एक अंग है। प्रतियोगिता सुबह 9.00 बजे प्रारंभ होगी। इस मैच के पश्चात युवा मतदाता प्रतियोगिता का फाइनल मैच खेला जाएगा।

# 3 करोड़ 85 लाख की विदेशी शराब जब्त, आबकारी विभाग ने एमपी-यूपी बॉर्डर पर की कार्रवाई




**सागर, देशबन्धु।** एमपी-यूपी की बॉडर पर स्थित अटा कर्नलगढ़ में आबकारी विभाग की टीम ने बड़ी मात्रा में विदेशी शराब जब्त की है। साथ ही एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसके बाद आबकारी विभाग की टीम ने निर्वाचन विभाग की टीम को बुलाया है। विधानसभा चुनाव के नजदीक आते ही राज्य स्तरीय बॉर्डर पर चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। मुखबिर से मिली सूचना के बाद आबकारी विभाग की टीम एमपी-यूपी की बॉर्डर पर स्थित अटा कर्नलगढ़ चैक पोस्ट पर पहुंची तो एक ट्रक में बड़ी मात्रा में विदेशी शराब जब्त की। आबकारी अधिकारी सियाराम चौधरी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली इसके बाद पूरी टीम मौके पर पहुंची और एक ट्रक को रोका। इसमें 641 पेटियां, 3325 लीटर कीमत 3 करोड़ 85 लाख की विदेशी शराब जब्त की। विदेशी शराब जो दिल्ली से सिकंदराबाद जा रही थी। विदेशी शराब को खुरई आबकारी कार्यालय में लाया गया है और कार्रवाई की जा रही है।

## पुलिस ने पकड़ी 7 पेटी अवैध शराब



**सागर, देशबन्धु।** मप्र विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस सक्रिय है। अंतरराज्यीय नाकों के साथ ही जिले के थाना क्षेत्रों में पुलिस चेकिंग पाइंट लगाकर वाहनों की चेकिंग कर रही है। इसी बीच रहली थाना पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली की बाइक से बड़ी मात्रा में अवैध रूप से शराब का परिवहन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम कार्रवाई के लिए रवाना हुई। टीम ने मोहार तिराहे पर वाहनों की चेकिंग शुरू की। तभी मुखबिर के बतायेनुसार चांदपुर की ओर से बाइक आते दिखी। जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ में बाइक पर सवार युवकों ने अपने नाम सुनील रजक और लाखन गौंड दोनों निवासी छिरारी होना बताया। उनके पास मौजूद बोरी की तलाशी ली तो उनमें से 7 पेटी अवैध शराब बरामद हुई। मामले में पुलिस ने तत्काल शराब, बाइक जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया और थाने लाई। रहली थाना प्रभारी मनीष त्रिपाठी ने बताया कि शराब के साथ पकड़ाये दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। वे शराब कहां से ला रहे थे और किसे सप्लाई करने वाले थे, इस संबंध में पूछताछ की जा रही है।

# 34 वां राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**बीना, देशबन्धु।** विद्या भारती अखिल भारतीय संस्थान के अंतर्गत बीना नगर में 34 वां राष्ट्रीय खो - खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्या भारती के कश्मीर से कन्याकुमारी तक व कच्छ से कामरूप तक के सभी विद्यालय की बहिनों ने भाग लिया। विद्या भारती की रचना के अनुसार संपूर्ण देश को 11 क्षेत्र में बांटा गया है। इसके अंतर्गत 25 टीमों की बहिनों ने अपने-अपने स्तर पर उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए बीना में अखिल भारतीय प्रतियोगिता का में भाग लिया। उद्घाटन सत्र में विद्या भारती मध्य क्षेत्र के उपाध्यक्ष अरुण पटेवार ने कहा कि बालकों के सर्वांगीण विकास हेतु विद्यालय में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। विद्यालय के अनुशासन के लिए एसजी एफ आई ने सर्वप्रथम अनुशासन का प्रथम पुरस्कार सरस्वती शिशु मंदिर को दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतुल कृष्ण महाराज ने कहा कि विभिन्न प्रांतो से आने वाले सभी बहिनों के मन में खेल भावना का ही भाव होना चाहिए। प्रत्येक प्रांत की बहनों को जीतने के लिए खेलना चाहिए। हम जो खेल खेलने आए हैं तो हम अपने देश का नाम रोशन करने आए हैं। विद्यालय की अध्यक्ष डॉ. संध्या टिकेकर ने कहा की सभी प्रतिभागी बहिनें खेल भावना से खेले व अपने अंदर का सत प्रतिशत देने का प्रयास करें। पूर्व विजेता बहिनों द्वारा शपथ ग्रहण कराया गया। मुख्य अतिथि द्वारा खेल समारोह का ध्वजारोहण किया गया। संयोजक राकेश कुमार एवं क्षेत्रीय खेल प्रमुख भास्कर वडनेरकर ने बताया कि इस खेल समारोह में संपूर्ण भारत के 11 क्षेत्र से 310 बहिनें, 40 संरक्षक आचार्य, कोच एवं 30 निर्णायक आचार्य दीदी उपस्थित हुए हैं। इस समारोह में अंदर 14 अंदर 17 एवं अंदर.19 की बहिनों के मध्य खो-खो मैच संपन्न होंगे। यहां से चयनित टीमें एसजीएफआई के लिए जाएंगी। उद्घाटन मैच अंडर 14 में बिहार वर्सेस पश्चिमी उत्तर प्रदेश, अंडर 17 में बिहार वर्सेस राजस्थान एवं अंडर.19 में पश्चिम वर्सेस पूर्वी उत्तर क्षेत्र के मध्य संपन्न हुआ जिसमें अंडर 14 में बिहार, अंडर 17 में टाई एवं अंदर.19 में पश्चिम क्षेत्र विजेता रहा। अंत में आभार विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार मुडोतिया द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में समस्त आचार्य परिवार एवं भैया बहिन उपस्थित रहे।

# वाल्मीकि जयंती के चल समारोह का शहर सेवादल ने किया स्वागत



**सागर, देशबन्धु।** शनिवार को शरद पूर्णिमा के साथ ही महर्षि वाल्मीकि की जयंती थी। इस अवसर पर सागर नगर में वाल्मीकि समाज ने भव्य चल समारोह निकाला जो मोतीनगर से शुरू होकर नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरा। इस दौरान चल समारोह का कई जगह स्वागत किया गया। जैसे ही चल समारोह नगर के ह्रदय स्थल तीनबत्ती पहुंचा वहां शहर सेवादल परिवार ने चल समारोह का पूर्ण भक्तिभाव के साथ स्वागत किया। समाज के वरिष्ठ जनों को पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया और शोभायात्रा में सम्मिलित समाज जनों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा में सम्मिलित झांकियों की पूजा अर्चना की गयी। स्वागतकर्ताओ में शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, राजेश यादव, संजय चौरसिया, चंद्रभान अहिरवार, अन्नू घोषी, वैद्यनाथ, अकबर पठान, फहीम अंसारी, अंकुर यादव आदि उपस्थित रहे।

## चेक पोस्टों पर उत्कृष्ट कार्य करने पर कर्मचारियों को किया सम्मानित

**सागर, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन के तहत अंतर जिला सीमा पर बनाए गए चेक पोस्टों का कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने समस्त चेक पोस्टों पर की जा रही वीडियो रिकॉर्डिंग का अवलोकन किया। अवलोकन करने के पश्चात उन्होंने डूंगरिया चेक पोस्ट पर तैनात पुलिसकर्मियों सहित अन्य कर्मचारियों को मौके पर ही सम्मानित किया और कहा कि उनके द्वारा जो कार्य किया जा रहा है, वह सराहनीय है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन के अंतर्गत दिए गए निर्देशों का जो भी अधिकारी कर्मचारी इस प्रकार का उत्कृष्ट कार्य करेंगे, उनको 26 जनवरी को प्रमाण पत्र भेंटकर सम्मानित किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि चेक पोस्टों पर सभी अधिकारी कर्मचारी पूरी ईमानदारी के साथ कार्य कर निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करें। इसी प्रकार समय-समय पर सभी चेक पोस्टों का निरीक्षण किया जाएगा। डूंगरिया, जैसीनगर चेक पोस्ट पर जब वीडियो रिकॉर्डिंग देखी गई तो पाया कि पूरे निर्देशों का पालन करते हुए वाहनों की जांच की जा रही थी। इसके लिए उन्होंने पुलिसकर्मी सहित समस्त तैनात कर्मचारियों को सम्मानित किया।

## कांग्रेस नेत्री शारदा खटीक अपने पार्षद बेटे के साथ भाजपा में हुई शामिल



**सागर, देशबन्धु।** नरयावली विधानसभा सीट पर कांग्रेस बगावत के बीच घिरी है। प्रत्याशी के रूप में सुरेंद्र चौधरी का नाम घोषित होने के बाद से विरोध प्रदर्शन का दौर जारी है। टिकट की दावेदारी कर रहे कांग्रेस नेता लगातार टिकट बदलने की मांग कर रहे हैं। इसी बीच बगावत कर रही कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री व 4 बार की जिला पंचायत सदस्य शारदा खटीक ने शनिवार को भोपाल पहुंचकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के समक्ष भाजपा की सदस्यता ली है। साथ ही उनके पार्षद बेटे जीत्तू खटीक ने भी भाजपा की सदस्यता ली है। जीत्तू खटीक मकरोनिया नगर पालिका में कांग्रेस के पार्षद हैं। वे नगर पालिका अध्यक्ष का चुनाव 1 वोट से हारे थे। मां-बेटे को मुख्यमंत्री चौहान ने भाजपा की सदस्यता दिलाई। इस दौरान नरयावली सीट से भाजपा प्रत्याशी व विधायक प्रदीप लारिया भी मौजूद थे। दरअसल सागर जिले की नरयावली विधानसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी सुरेंद्र चौधरी का नाम घोषित होने के बाद से ही वरिष्ठ नेत्री शारदा खटीक विरोध कर रही थी। वे कांग्रेस से विधानसभा चुनाव में नरयावली सीट से दावेदारी कर रही थी। लेकिन उन्हें टिकट नहीं मिला। जिसके बाद से उनके समर्थक लगातार विरोध प्रदर्शन कर प्रत्याशी का पुतला दहन कर टिकट बदलने की मांग कर रहे थे। बुधवार को शारदा खटीक के समर्थक और कांग्रेस प्रत्याशी सुरेंद्र चौधरी के समर्थक पुतला दहन को लेकर आपस में भिड़ गए थे। इस दौरान मारपीट भी हुई थी। मामले में पुलिस ने शिकायत पर दोनों पक्षों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था।

## वाल्मीकि समाज के लोगों के साथ मनाई जयंती



**सागर, देशबन्धु।** सामाजिक समरसता के क्षेत्र में कार्यरत विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी की शाखा सागर ने महर्षि वाल्मीकि के अवतरण दिवस पर केंट स्थित मंदिर में समाज के लोगों के बीच जाकर एक अभिनव पहल की। केंद्र के लोग जब वहां पहुंचे तो समाज के लोगों ने उनका अभिनंदन किया, वो भावविह्वल हो गए। पूजन उपरांत सभी ने एक साथ प्रसादी ग्रहण की। वाल्मीकि प्रेम समाज केंट की अध्यक्ष भारती करोसिया, पवन करोसिया ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जिस सदभाव और सौहार्द की बात करते थे विवेकानंद केंद्र उसे सच्चे अर्थों में चरितार्थ कर रहा है। इस तरह के आयोजन से समाज में नव चेतना का संचार होगा। उल्लेखनीय है कि केंट स्थित वाल्मीकि मंदिर तकरीबन डेढ़ सौ वर्ष प्राचीन है। यह मप्र का प्रथम वाल्मीकि मंदिर है। इस आयोजन में मुख्य रूप से डॉ. प्रदीप शुक्ल, एनआर पात्रा, डॉ. आशीष द्विवेदी, चंद्रप्रकाश शुक्ल, गौरव सिंह राजपूत, वंदना शुक्ल, संदीप रैंकवार, नंदू वाल्मीकि उपस्थित थे।



## वाल्मीकि समाज द्वारा भव्य झांकियो के साथ शोभायात्रा निकाली

**सागर, देशबन्धु।** भगवान वाल्मीकि प्रकटोत्सव पर वाल्मीकि समाज मंदिर समिति द्वारा एक दिन पूर्व शहर के प्रमुख मंदिरों पर झंडा वंदन किया गया। संध्या 7 बजे भजन संध्या की गई एवं 28 अक्टूबर को सुबह 7 बजे प्रभात फेरी निकाली गई तथा समाज की वरिष्ठ जनों का मंदिर समिति द्वारा स्वागत सम्मान किया गया तथा राजीव नगर वार्ड वाल्मीकि मंदिर से आदि धर्म समाज व वाल्मीकि समाज मंदिर समिति कटरा बाजार सागर तथा समस्त वाल्मीकि समाज द्वारा वाल्मीकि भगवान की दिव्य एवं भव्य झांकियां के साथ शोभायात्रा निकाली गई झांकियां में आदि कवि वाल्मीकि लव कुश माता सीता हनुमान जी तथा संत रविदास महाराज, डॉ. भीमराव अंबेडकर आदि की झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। भगवान वाल्मीकि के जयकारों के साथ श्रद्धालुओं ने जगह-जगह स्वागत किया शोभायात्रा राजीव नगर वार्ड से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए कटरा वाल्मीकि मंदिर पर समापन किया गया। तत्पश्चात 108 दीपों से महाआरती की गई तथा प्रसाद वितरण किया गया। शोभा यात्रा में गुलाब मुखिया, महेश करोसिया, परसोत्तम धौलपुरी, एचपी हारिया, कुलदीप बाल्मीकि, बसंत करोसिया, विशाल करोसिया, राजेंद्र सनकत, सुदामा प्रसाद मछंदर सहित बड़ी संख्या में वाल्मीकि समाज की महिला पुरुष उपस्थित रहे।

## राजनैतिक दल के अभ्यर्थी का प्रचार करने पर माध्यमिक शिक्षक को किया निलंबित

**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने रिर्टनिंग ऑफिसर विधानसभा क्षेत्र 36.खुरई के प्रतिवेदन पर शासकीय माध्यमिक शाला गढ़ोली जवाहर, संकुल खिमलासा की माध्यमिक शिक्षक विजयाराजे बुंदेला के द्वारा एक राजनैतिक दल के अभ्यर्थी का प्रचार किये जाने की जानकारी मिलने पर निलंबित किया है। मप्र सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 एवं 5 (4) के अन्तर्गत कोई भी शासकीय सेवक किसी विधान मण्डल या स्थानीय प्राधिकरण के निर्वाचन में न तो मत याचना करेगा, न अन्यथा हस्ताक्षेप करेगा, न उसके संबंध में प्रभाव का प्रयोग करेगा और न उसमें भाग लेगा। विजयाराजे बुंदेला द्वारा राजनैतिक दल विशेष के प्रचार प्रसार में सम्मलिप्ता पाई गई। जो मप्र सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3, 5 (4) के अन्तर्गत तथा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के अंतर्गत कदाचार की श्रेणी में आता है। विजयाराजे बुंदेला उर्फगिन्नी उपरोक्त अनुसार प्रथम दृष्ट्या दोषी पाई गई हैं। अतः श्रीमति बुंदेला को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के प्रावधानों एवं मप्र सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के नियम 9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा एवं श्रीमति बुंदेला का मुख्यालय कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जिला सागर निर्धारित किया गया है।

## खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने मिष्ठान भंडार दुकानों का किया निरीक्षण

**सागर, देशबन्धु।** खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा रहली के ओपी किराना, एनी बेकरी का निरीक्षण किया एवं साफ सफाई के निर्देश दिए। गुरुवर ट्रेडर्स से पेठा, रसगुल्ला, सोन पापड़ी के नमूने लिए। राहतगढ़ बस स्टैंड पर स्थित खाद्य प्रतिष्ठानों राजस्थान मिष्ठान, जग्गी समोसा, लवली पान एवं मिल्क पार्लर गोपाली मिष्ठान, माधव दूध डेयरी, भोपाल तिराहा स्थित यादव रसगुल्ला होटल इत्यादि का निरीक्षण किया गया। यादव रसगुल्ला से मावा का नमूना एवं गोपाली मिष्ठान भंडार से मावा, लड्डू के नमूने जांच हेतु लिए गए।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने पुलिस अधीक्षक के साथ मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

**सागर, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन के अंतर्गत 17 नवंबर को आयोजित होने वाले चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी के साथ देवरी विधानसभा क्षेत्र कि दूरस्थ शैडो मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी गगन बिसेन, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस शशिकांत सरयाम सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि विधानसभा निर्वाचन के अंतर्गत समस्त मतदान केंद्र पर आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। देवरी विकासखंड के दूरस्थ ग्रामों में कुछ ग्राम ऐसे हैं, जहां नेटवर्क नहीं है, उनको शैडो मतदान केंद्र बनाया गया है। वहां आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जा रही है। पुलिस विभाग के द्वारा मतदान केंद्र की जानकारी उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं पुलिस अधीक्षक के माध्यम से सुनिश्चित कराई जा रही है। शैडो मतदान केन्द्रों पर सामान्य मतदान केन्द्रों की तरह व्यवस्थाएं की जा रही है। उनका प्रयास है कि शैडो मतदान केन्द्रों पर पुलिस विभाग के वायरलेस के माध्यम से समय-समय पर सूचना दी जाएगी और सामान्य मतदान केंद्र की तरह यह मतदान केन्द्र भी काम करेगा।

# दो दिवसीय जैन युवक-युवती परिचय सम्मेलन के तहत संस्कार पत्रिका का विमोचन



**गढ़ाकोटा, देशबन्धु।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन गोलापूर्व महासभा के तत्वाधान में गढ़ाकोटा में आयोजित 19 वे जैन युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं चेतना सम्मान तथा महिला सम्मेलन का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ हुआ। इस अवसर पर विवाह योग्य युवक-युवतियों की सचित्र जानकारी पर केंद्रित पत्रिका संस्कार का विमोचन किया गया। नटराज ऑडिटोरियम में आयोजित महासभा के दो दिवसीय सम्मेलन का शुभारंभ अशोक, डॉ. सुषमा, अकलंक गोदरे के परिवार द्वारा ध्वजारोहण के साथ किया गया। अनिल सांधेलिया के द्वारा दीप प्रज्जवलन किया गया। महासभा के महामंत्री चक्रेश शास्त्री भोपाल ने 19 वे परिचय सम्मेलन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। गोलापूर्व महिला इकाई कोतमा के द्वारा मंगलाचरण किया गया। मंचासीन डॉ. भागचंद जैन भागेंदु, संतोष जैन घड़ी, सुरेश मारोरा, योगेश जैन, लालचंद्र शास्त्री, महेंद्र जैन बड़ागांव सहित महासभा के समस्त पदाधिकारियों का सम्मान किया एवं आमंत्रित अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। संस्कार पत्रिका का विमोचन अभय कुमार, अरूण कुमार छिंदवाड़ा के परिजनों द्वारा किया गया। इसके साथ ही स्वास्थ्य परीक्षण एवं डायबिटीज परीक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। डॉ. शचींद्र मोदी, डॉ. संतोष जैन, डॉ. पवन जैन, डॉ. सुयश सिंघई, डॉ. साक्षी जैन, डॉ. सरिता भार्गव आदि ने शिविर में परीक्षण किया। इसके पश्चात मंच से युवक-युवतियों द्वारा अपना-अपना परिचय दिया गया।

प्रथम दस परिचय देने वाले युवक-युवतियों को सम्मानित किया गया। साथ ही चेतना सम्मान समारोह एवं विशिष्ठ उपलब्धि महानुभाव को सम्मानित किया गया। दोपहर बाद महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। महासभा के जिनेश जैन बहरोल ने संस्कार पत्रिका में शामिल 1511 प्रविष्टियों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि विवाह योग्य 966 युवक और 545 युवतियों की जानकारी दी गई है। जिसमें जैन समाज का हर पांचवा युवक इंजीनियर है। कार्यक्रम में डीके जैन, प्रेमचंद जैन, डॉ. केसी जैन, दीपचंद जैन दमोह, सुभाष सिंघई कटनी, प्रेमचंद बरेठी सहित बड़ी संख्या में साधर्मी बंधु शामिल हुए।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली** *
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन**- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।